राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण गुरुवार 14 सितम्बर 2023 वर्ष-6,अंक-234 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## बुंदेलखंड में बस रहे नोएडा जैसे शहर में क्या-क्या होगा, योगी आदित्यनाथ सरकार ने बताया प्लान

**नई दिल्ली।** कभी यूपी और देश के पिछड़े हिस्सों में शुमार रहे बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास की बयार बहाने की तैयारी योगी आदित्यनाथ सरकार ने कर ली है। मंगलवार को कैबिनेट मीटिंग में बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन को मंजूरी दी गई। यूपी सरकार के सूत्रों का कहना है कि नोएडा के तर्ज पर एक नई टाउनशिप ही बसाई जाएगी। इसके तहत कुल 33 गांवों की 35 हजार एकड़ जमीन का अधिग्रहण होगा। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके पहले चरण की शुरुआत झांसी के 33 गांवों की जमीन पर टाउनशिप बसाने से होगी। उन्होंने कहा, यह फैसला लिया गया है कि नोएडा जैसी औद्योगिक टाउनशिप बुंदेलखंड में बसाई जाए। नोएडा का गठन 1976 में हुआ था। कुल 6,312 करोड़ रुपये खर्च करके जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा और अगले वित्त वर्ष में इसके लिए 5000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसके बाद शेष राशि भी जल्द जारी होगी। इसके अलावा 5000 करोड़ रुपये की रकम लोन के तौर पर जारी की जाएगी। यह रकम चीफ मिनिस्टर इंडस्ट्रियल एरिया एक्सपैंशन और न्यू इंडस्ट्रियल एरिया प्रमोशन स्कीम के तहत दिया जाएगा। योगी के मंत्री ने कहा कि यूपी के विकास के लिए यह फैसला हुआ है। इससे हम 1 ट्रिलियल डॉलर की इकॉनमी का लक्ष्य हासिल करने की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ग्राम सभा की 8000 एकड़ जमीन पहले से ही उपलब्ध है। खन्ना ने पूरा प्लान समझाते हुए कहा, इससे झांसी का बड़े पैमाने पर विकास हो सकेगा। झांसी में एक नया एयरपोर्ट भी बनने वाला है। एक्सप्रेसवे पहले से तैयार हो चुका है। नेशनल हाईवे 27 पर बन रही टाउनशिप को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से भी कनेक्ट किया जाएगा। यूपी सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि इससे झांसी का विकास होगा और पूरे बुंदेलखंड के लिए ही रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पलायन को रोकने में भी मदद मिलेगी। झांसी, महोबा, जालौन, हमीरपुर, बांदा, चित्रकूट, ललितपुर समेत कई ऐसे जिले हैं, जो पिछड़े हैं और रोजगार के चलते भारी पलायन का सामना कर रहे हैं। यदि उनके पास ही नोएडा जैसा कोई शहर विकसित होगा

# प्रधानमंत्री मोदी आज मप्र में, पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स व औद्योगिक परिसरों का करेंगे शिलान्यास

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार, 14 सितंबर को मध्य प्रदेश के एक दिवसीय प्रवास पर सागर जिले के बीना आ रहे हैं। वे यहां बीपीसीएल रिफाइनरी के विस्तारीकरण एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स निर्माण के भूमिपूजन के साथ ही विभिन्न औद्योगिक परिसरों का शिलान्यास करेंगे। बीना रिफाइनरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री मोदी नर्मदापुरम के ऊर्जा एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रक्षेत्र, इंदौर के आईटी पार्क-3 और 4, रतलाम के मेगा इंडस्ट्रियल पार्क, तथा छह अन्य इंडस्ट्रियल पार्क क्रमशः नर्मदापुरम, गुना, शाजापुर, मऊगंज, आगर मालवा और मक्सी की शिलान्यास पट्टिका का रिमोट द्वारा अनावरण करेंगे।

जनसम्पर्क अधिकारी प्रलय श्रीवास्तव नेबताया कि कार्यक्रम में केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित राज्य के मंत्रीगण लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास मंत्री भूपेन्द्र सिंह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सहकारिता एवं लोक प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, उद्योग नीति और निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, सांसद राजबहादुर सिंह, विधायकगण शैलेन्द्र जैन, प्रदीप लारिया एवं महेश राय भी उपस्थित रहेंगे।



उल्लेखनीय है कि बीना रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के बन जाने से 15 हजार को प्रत्यक्ष तथा दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। अभी बीपीसीएल बीना 7.8 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमएमटीपीए) क्षमता की रिफाइनरी संचालित करता है। जो उत्तरी और मध्य भारत की बढ़ती ईंधन की मांगों को पूरा करने के लिए सक्षम है। देश की बेहतरीन रिफाइनरियों में से एक होने का गौरव प्राप्त बीपीसीएल बीना गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपेक्षाओं पर अब तक खरा उतरा है।

अब 50 हजार करोड़ की लागत से जो पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स बनेगा, वह पांच साल की अवधि में बनकर तैयार होगा। इसके पूर्ण होने से बीपीसीएल बीना की क्षमता 7.8 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटीपीए) प्रतिवर्ष से बढ़कर 11 एमएमटीपीए हो जाएगी। बीना रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स की नवीन इकाई में उत्कृष्ट तकनीक वाले 1.2 एमएमटीपीए क्षमता के एथलीन क्रैकर काम्पलेक्स की स्थापना भी होगी। साथ ही डाउन स्ट्रीम पेट्रोकेमिकल संयंत्र भी स्थापित होगा।

**बीना क्षेत्र में ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून पर प्रतिबंध रहेगा**

कलेक्टर दीपक आर्य ने 14 सितंबर को सागर जिले के बीपीसीएल बीना रिफायनरी सिक्यूरिटी कैम्पस क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के अंतर्गत ड्रोन, पैराग्लाईडर, हॉट बैलून, एवं अन्य फ्लाइंग ऑब्जेक्ट पर प्रतिबंध लगाया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा कानून व्यवस्था एवं विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा को देखते हुए यह आदेश दिया गया है। उक्त आदेश बुधवार से प्रभावशील हो गया है, जो 14 सितंबर को शाम तक जारी रहेगा। धारा 144 के अंतर्गत इस क्षेत्र को रेड जोन-नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है।

**बीना रिफाइनरी में 50 हजार करोड़ रुपये की लागत से पेट्रोकेमिकल काम्पलेक्स के बन जाने से 15 हजार को प्रत्यक्ष तथा दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। अभी बीपीसीएल बीना 7.8 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष (एमएमटीपीए) क्षमता की रिफाइनरी संचालित करता है। जो उत्तरी और मध्य भारत की बढ़ती ईंधन की मांगों को पूरा करने के लिए सक्षम है। देश की बेहतरीन रिफाइनरियों में से एक होने का गौरव प्राप्त बीपीसीएल बीना गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपेक्षाओं पर अब तक खरा उतरा है।**

### ओडिशा में तेज बारिश से बाढ़ का खतरा

## 6 जिलों में रेड अलर्ट, यूपी-एमपी समेत 16 राज्यों में बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** मानसून सीजन खत्म होने में करीब 15 दिन का समय बचा है। लौटता मानूसन कई राज्यों को भिगोकर जा रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड और छत्तीसगढ़ सहित 16 राज्यों में अगले 24 घंटे के लिए बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं मौसम विभाग ने ओडिशा के छह जिलों मलकानगिरी, कोरापुट, नबरंगपुर, कालाहांडी, बोलांगीर, कंधमाल में रेड अलर्ट जारी किया। IMD भुवनेश्वर के साइंटिस्ट उमा शंकर ने कहा, तेज बारिश के चलते बाढ़ का खतरा बन सकता है। यूपी के बाराबंकी में लगातार बारिश के बाद बाढ़ आ गई है। शहर पानी से घिरकर टापू बन गया है। लोग छतों पर गुजारा कर रहे हैं। NDRF और SDRF मोर्चा संभाले है। फंसे लोगों का रेस्क्यू किया जा रहा है।

**यहां तेज बारिश होगी:** उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, नगालैंड, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम।

**यहां हल्की बारिश होगी :** हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, राजस्थान।

**अन्य राज्यों में मौसम का हाल...**

यूपी में लखनऊ, मेरठ को छोड़कर सभी बड़े जिले



रेड जोन में, एटा में सबसे ज्यादा बारिश

सामान्य मानसून की बारिश के बावजूद यूपी के 38 जिले सूखे की कगार पर पहुंच चुके हैं। अब लौटता हुआ मानसून ज्यादा बारिश की उम्मीद खो चुका है। ऐसे में रेड जोन वाले जिले सूखाग्रस्त घोषित किए जा सकते हैं। 1 जून 2023 से 12 सितंबर तक बारिश के जो आंकड़े सामने आए हैं, वो चौंकाने वाले हैं। हालांकि सितंबर में बीते 3 दिनों में हुई बारिश ने भी खास फर्क नहीं डाला।

## भरतपुर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से बस में सवार 11 लोगों की मौत; 24 घायल

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर जिले में बुधवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हुआ है। ट्रक की टक्कर में बस में सवार 11 लोगों की मौत हो गई है। जबकि करीब दो दर्जन लोग घायल हो गए है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई है। पुलिस के मुताबिक भरतपुर के नदबई में हादसहा हुआ है। घायलों को जिला अस्पताल भरतपुर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा ह॥ 21 पर स्थित हंतरा पुल पर होना बताया जा रहा है। मृतकों में 6 महिला व 5 पुरुष शामिल है। सभी मृतक व घायल भावनगर गुजरात के बताए जा रहे हैं। भरतपुर एसपी मृदुल कच्छावा ने समचार एजेंसी एएनआई को बताया कि जयपुर-आगरा हाइवे के नजदीक भरतपुर के हंतरा में यह सड़क हादसा हुआ है। एसपी के मुताबिक घायलों की संख्या एक दर्जन है। हालांकि, यह संख्या बढ़ सकती है। बस में 57 लोग सवार थे। जो कि घूमने के लिए मथुरा जा रहे थे। स्क्र मृदुल कच्छावा पहुंचे मौके पर पहुंचे है। स्क्रने मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली है। पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है।



**गुजरात के बताए जा रहे हादसे में शिकार लोग** -उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही रूपवास भरतपुर हाईवे पर दर्दनाक हादसा हुआ था। इस दौरान बस और कार में हुई जबरदस्त भिड़ंत में छह लोगों की जान चली गई थी। हादसे में एक ही परिवार के दो बच्चों समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। परिवार के लोग एकादशी के मौके पर सीकर के रींगस इलाके में स्थित खाटू श्याम जी के दर्शन कर लौट रहे थे। टक्कर के बाद कार पूरी तरह से पिचक गई जिस वजह से अंदर फंसे लोगों के शव बुरी तरह से फंस गए थे.। शवों को कार से निकालने काफी मशक्क्त करनी पड़ी। सरकारी की तमाम सख्ती के बावजूद भी सड़क हादसों पर रोक नहीं लग पा रही है। राजस्थान में हर दिन सड़क हादसों में लोगों की मौत हो रही है।

**मथुरा जा रही थी बस**

पुलिस के अनुसार बस गुजरात के भावननगर से चलकर मथुरा जा रही थी। आज सुबह 5 बजे यह हादसा हुआ है। पुलिस के मुताबिक मरने वालों में 6 महिलाएं और 5 पुरुष बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बस में 57 लोग सवार थे। जो कि घूमने के लिए मथुरा जा रहे थे। स्क्र मृदुल कच्छावा पहुंचे मौके पर पहुंचे है। SP ने मौके पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली है।

## पहली बार सामने आई राम जन्मभूमि की खुदाई में मिलीं मूर्तियां-स्तंभ

**अयोध्या।** अयोध्या में रामजन्मभूमि पर राम मंदिर का निर्माण आखिरी चरण में है। इस दौरान खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष मिले हैं। इस बारे में राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने एक फोटो शेयर की जिसमें ये अवशेष इकट्ठा करके रखे गए हैं। इस फोटो के साथ उन्होंने लिखा, श्री रामजन्मभूमि पर खुदाई में मिले प्राचीन मंदिर के अवशेष। इसमें अनेकों मूर्तियाँ और स्तंभ शामिल हैं। हालांकि इससे अधिक कोई जानकारी अभी नहीं दी गई है। इसमें प्राचीन मूर्तियों के अवशेष, प्राचीन मंदिर के स्तंभ, शिवलिंग के अवशेष और अन्य पत्थर शामिल हैं। ये सभी



अवशेष मंदिर परिसर में सुरक्षित रखे गए हैं। रामलला के दर्शन करने आने वाले भक्तों को ये अवशेष देखने का भी मौका दिया जा ता है। इसके लिए गैलरी में इन्हें रखा गया है जहां इनसे जुड़ी जानकारी दी जाती है। पत्थरों पर नक्काशी दिखाई दे रही है। स्तंभों पर भी नक्काशी के साथ प्रतिमाएं बनी दिख रही हैं।

## अधिकारी से मार्शल तक का बदला ड्रेस, तस्वीरों में देखें नई संसद में किसे क्या पहनना है

**नई दिल्ली।** 18 सितंबर से संसद के विशेष सत्र का आगाज होने वाला है। 19 सितंबर यानी कि गणेश चतुर्थी के दिन नई संसद में विधिवत संसद का कामकाज शुरू होगा। नई संसद में संसद भवन के कर्मचारी नए रूप में नजर आएंगे। उनका ड्रेस पूरी तरह से बदल दिया गया है। संसद के कर्मचारी अपने-अपने विभागों के अनुसार तय किए गए ड्रेस पहनेंगे। नई व्यवस्था में पजामा-कुर्ता के साथ-साथ साड़ी जैसा भारतीय परिधानों को जगह दी गई है। संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र के दौरान चैंबर अटेंडेंट, अधिकारी, सुरक्षाकर्मी, ड्राइवर और मार्शल सभी नई वर्दी में नजर आएंगे। इस बदलाव पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा पर एकपक्षीय मंच बनाने का आरोप लगाया है। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक होगा। इसकी शुरुआत पुराने संसद भवन से होगी और



समापन नए संसद भवन से होगा। 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन शुभ मुहूर्त में पूजा के बाद नए भवन में सत्र होगा। इसके साथ संसद के कर्मचारियों की ड्रेस भी बदल जाएगी। सूत्रों के अनुसार, संसद के कर्मचारियों की नई ड्रेस एनआईएफटी ने डिजाइन की है। इसमें बंद गला सूट की जगह अब मेजेंटा या गहरे गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट होगी। शर्ट भी हल्के गुलाबी रंग की होगी जिन पर कमल का फूल होगा। खाकी रंग का पैंट होगा। मार्शल की ड्रेस भी बदल जाएगी। मार्शल मणिपुरी पगड़ी पहनेंगे। वाच एंड वार्ड को सफारी सूट की जगह सैनिकों की तरह कैमोफ्लेज ड्रेस दी जाएगी। ड्राइवरों की भी ड्रेस बदली जाएगी। विपक्ष ने इस बदलाव पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने संसद के कर्मचारियों की नई वर्दी पर कमल के फूल छपे होने से संबंधित खबरों पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भाजपा संसद को एकपक्षीय मंच बना रही है। टैगोर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर सवाल भी किया कि राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय पक्षी क्रमशः बाघ और मोर के बजाय सिर्फ कमल ही क्यों दर्शाया जा रहा है। यह भाजपा का चुनाव चिह्न नहीं हैं। ओम बिरला जी, यह गिरावट क्यों।

# आजम खान के ठिकानों पर इनकम टैक्स का छापा, यूपी के कई शहरों और एमपी में चल रही कार्रवाई

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीमों के छापे पड़ रहे हैं। बुधवार की सुबह-सुबह यूपी और मध्य प्रदेश में आजम खान के कई ठिकानों पर छापेमारी की है। कार्रवाई लगातार जारी है। बताया जा रहा है कि रामपुर, मेरठ, गाजियाबाद, सहारनपुर, लखनऊ और सीतापुर सहित कई शहरों में छापेमारी चल रही है। ये छापामारी मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से जुड़ी बताई जा रही है। लखनऊ के रिवर बैंक इलाके में आजम के ठिकाने पर छापा पड़ा है। छापों में क्या मिला है यह अभी तक स्पष्ट नहीं है लेकिन सूत्रों के हवाले से पता चल रहा है कि इनकम टैक्स विभाग के पास आजम खान से जुड़े कई इनपुट थे जिनके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। इनकम टैक्स के सूत्र बता रहे हैं कि आजम खान के ठिकानों से मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट से जुड़े कई दस्तावेज और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को कब्जे में लिया गया है। इनमें कई बड़े लेन-देन का ब्योरा मिलने की संभावना है। रामपुर में सुबह छह-सात बजे के करीब आईटी की टीम आजम खान के घर पहुंची। आजम के घर के आसपास पानी लगा है। इनकम टैक्स की पानी से बचते-बचाते आजम के घर में पहुंची। वहां छापेमारी की कार्रवाई को शुरू किया गया। इनकम टैक्स की टीम के साथ फोर्स में महिला पुलिस भी मौजूद है। घर को चारों ओर से



घेरकर इनकम टैक्स की टीम सर्च अभियान चला रही है। बता दें कि आजम खान के मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट द्वारा साल-2006 में रामपुर में मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी।

**मुश्किलें और बढ़ीं**

बुधवार को शुरू हुए इनकम टैक्स के ऐक्शन के बाद जाहिर है आजम खान की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। बता दें कि इसके पहले उनके खिलाफ नोटबंदी में कालेधन की हेराफेरी और आय से अधिक संपत्ति की शिकायतें हुई थीं जिनको लेकर लखनऊ में केस भी दर्ज किया गया था। ईडी की टीम दो बार इस संबंध में रामपुर में पूछताछ कर चुकी है। अब बुधवार की सुबह आयकर की टीम रामपुर पहुंची और आजम के घर को चारों ओर से घेर लिया गया। इनकम टैक्स टीम पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ पहुंची है। टीम के सदस्य घर अंदर मौजूद हैं और सर्च ऑपरेशन में जुटे हैं।

**आजम के घर पास जुटी भीड़**

छापेमारी की सूचना पर आसपास के इलाकों से आजम खान के घर के पास भीड़ जुटना शुरू हो गई थी लेकिन फोर्स ने तत्काल लोगों को हटाना शुरू कर दिया। आजम के घर के आसपास अब किसी को यूं ही रहने नहीं दिया जा रहा है। अंदर छापेमारी की कार्रवाई जारी है।

## संपादकीय

### गर्मजोशी के रिश्ते

दिल्ली में संपन्न जी-20 शिखर वार्ता की सफलता से भारत ने खूब वाहवाही पायी। वहीं सम्मेलन की समाप्ति के बाद राजकीय यात्रा पर भारत आए सऊदी क्राउन प्रिंस की उपस्थिति में तमाम समझौते इस सम्मेलन के एक बोनस की तरह हैं। सऊदी अरब के साथ भारत के रिश्ते सदाबहार रहे हैं। लेकिन निवेश व अन्य मोर्चों पर साझेदारी ने रिश्तों को और गहराई दी है। वास्तव में हाल के वर्षों में प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो निकटता बढ़ी है, उसका प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति पर भी नजर आया है। हाल के दिनों में अमेरिका से सऊदी अरब के रिश्तों में खटास जगजाहिर है। जी-20 सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व प्रिंस सलमान के मिले हाथों को थामे प्रधानमंत्री के हाथों वाला चित्र अंतर्राष्ट्रीय राजनय में चर्चा का विषय रहा। बहरहाल, भारत और सऊदी अरब के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के ठोस परिणाम सामने आए। इस दौरान सार्वजनिक उपक्रमों व निजी क्षेत्रों के बीच पचास महत्वपूर्ण समझौते हुए। हाल के दिनों में जहां भारत से सऊदी अरब को निर्यात बढ़ा, वहीं आयात में भी खासी वृद्धि हुई। ऐसे दौर में जब कोरोना संकट व रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्था हिचकोले खा रही है। इससे पहले भी जब 2019 में प्रिंस सलमान भारत आए थे तो उन्होंने सौ अरब डॉलर का निवेश करने की घोषणा की थी। अब इस दिशा में साझा टास्क फोर्स बनाने की घोषणा दिल्ली वार्ता में हुई है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी खाड़ी देशों से बेहतर संबंध बनाने को अपनी प्राथमिकता देते रहे हैं। वे पिछले कुछ वर्षों में दो बार सऊदी अरब का दौरा भी कर चुके हैं। निस्संदेह, मध्यपूर्व में एक बड़ी ताकत होने के कारण सऊदी अरब से बेहतर रिश्तों के खास मायने हैं। कहीं न कहीं इस्लामिक देशों पर खासे प्रभाव वाले सऊदी अरब को भारत पाक पर दबाव बनाने वाले सहयोगी के रूप में भी देखता है। जिसके जरिये पाक के निरंकुश व्यवहार पर नकेल कसी जा सके। हाल के वर्षों में भारत-सऊदी अरब के बीच सालाना व्यापार का पांच हजार करोड़ डॉलर तक पहुंचना दोनों देशों के बीच बेहतर होते रिश्तों की बानगी है। कई बड़ी भारतीय कंपनियों ने पिछले दिनों सऊदी अरब में दो सौ करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया। वहीं सऊदी अरब की कंपनियां दो साल पहले तक तीन सौ करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश भारत में कर चुकी थीं। दरअसल, प्रिंस सलमान सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन करके उस टैग को हटाना चाहते हैं कि वह सिर्फ तेल से चलने वाली अर्थव्यवस्था है। तभी वे उत्पादन, पर्यटन, तकनीक आदि के क्षेत्र में बड़े निवेश को आमंत्रित करते हुए भारत को एक भरोसेमंद सहयोगी के रूप में देख रहे हैं। भारत भी सऊदी अरब के लिये उभरते बाजार के रूप में निवेश का भरोसेमंद स्थल है। जब भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की ओर बढ़ने का उद्घोष करता है तो निवेशकों के लिये एक भरोसा पैदा होता है। वहीं दूसरी ओर भारतीय प्रतिभाओं व तकनीशियनों से भी सऊदी अरब को खासी उम्मीद है। जिसके जरिये वह अपने 2030 के विज़न को यथार्थ में बदल सके। जिसमें उसकी महत्वाकांक्षी 'इको-सिटी' बसाये जाने की योजना भी शामिल है। यही वजह कि ग्लोबल कम्युनिटी का हिस्सा बनने को आतुर सऊदी अरब भारत जैसे देशों से संबंध मजबूत कर रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष** प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें, चोरी या खोने की आशंका है।

**वृषभ** व्यावसायिक योजना को बल मिलेगा। राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास सफल होंगे। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। प्रणय संबंध मधुर होंगे। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी।

**मिथुन** जीवनसाथी का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। किसी अभिन्न मित्र से मिलाप की संभावना है। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। खान-पान में संयम रखें। संतान के संबंध में चिंतित रहेंगे।

**कर्क** प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कुटुम्बजनों का सहयोग मिलेगा। धन हानि के योग हैं।

**सिंह** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी।

**कन्या** आर्थिक योजना फलीभूत होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। नए अनुबंध प्राप्त होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुपए पैसे के लेन देन में सावधानी अपेक्षित है। स्थानान्तरण व परिवर्तन की दिशा में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, सम्मान, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। वाणी की सौम्यता से व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। नए अनुबंध प्राप्त होंगे।

**धनु** व्यावसायिक व पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है।

**मकर** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। मनोरंजन के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। धन लाभ के योग हैं।

**कुम्भ** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। किसी का वाणी के स्तर पर उत्पीड़न न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। धन, सम्मान, यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

# दुनिया में सबसे समृद्ध भाषा है हिन्दी

(लेखक – रमेश सर्राफ धमोरा)

(14 सितम्बर पर विशेष)




भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितम्बर 1949 को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी की खड़ी बोली ही भारत की राजभाषा होगी। इस महत्वपूर्ण निर्णय के बाद 1953 से सम्पूर्ण भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाते लगा है जो हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाता है। पिछले 70 सालों से हम प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनायेगें। किसी भी देश की भाषा और संस्कृति उस देश में लोगों को लोगों से जोड़े रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से हिन्दी और देवनागरी के मानकीकरण की दिशा में अनेक क्षेत्रों में प्रयास हुये हैं। हिन्दी भारत की सम्पर्क भाषा भी हैं। अतः हम कह सकते है की हिन्दी एक समृद्ध भाषा हैं। भारत की राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने में हिन्दी भाषा का बहुत बड़ा योगदान हैं। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है। बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है। जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। भारतेन्दु हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। जिन्होंने हिंदी, पंजाबी, बंगाली और मारवाड़ी सहित कई भाषाओं में अपना योगदान दिया था। यदि हम हिंदी भाषा के विकास की बात करें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि पिछले सौ सालों में हिंदी का बहुत विकास हुआ है और दिन-प्रतिदिन इसमें और तेजी आ रही है। हिंदी भाषा का इतिहास लगभग एक हजार वर्ष पुराना माना गया है। संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन भाषा है जिसे देवभाषा भी कहा जाता है। माना जाता है कि हिंदी का जन्म भी संस्कृत भाषा से हुआ है। भारत में धर्म, परंपराओं और भाषा में विविधता के बावजूद यहां के लोग एकता में विश्वास रखते हैं। भारत में विभिन्न भाषाएं बोली जाती हैं। लेकिन सबसे ज्यादा हिंदी भाषा बोली, लिखी व पढ़ी जाती है। इसीलिए हिंदी भारत की सबसे प्रमुख भाषा है। हिन्दी के ज्यादातर शब्द संस्कृत, अरबी और फारसी भाषा से लिए गए हैं। यह मुख्य रूप से आर्यों और पारसियों की देन है। इस कारण हिन्दी अपने आप में एक समर्थ भाषा है। जहां अंग्रेजी में मात्र 10 हजार मूल शब्द हैं। वहीं हिन्दी के मूल शब्दों की संख्या 2 लाख 50 हजार से भी अधिक है। हिन्दी विश्व की एक प्राचीन,समृद्ध तथा महान भाषा होने के साथ हमारी राजभाषा भी है। भारत की मातृ भाषा हिन्दी को सम्मान देने के लिये प्रति वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी ने भाषा, व्याकरण, साहित्य, कला, संगीत के सभी माध्यमों में अपनी उपयोगिता, प्रासंगिकता एवं वर्चस्व कायम किया है। हिन्दी की यह स्थिति हिन्दी भाषियों और हिन्दी समाज की देन है। लेकिन हिन्दी भाषा समाज का एक तबका हिन्दी की दुर्गति के लिए भी जिम्मेदार है। अंग्रेजी बोलने वाला ज्यादा ज्ञानी और बुद्धिजीवी होता है। यह धारणा हिन्दी भाषियों में हीन भावना लाती है। जिंदगी में सफलता पाने के लिये हर कोई अंग्रेजी भाषा को बोलना और सीखना चाहता है। हिन्दी भाषी लोगों को इस हीन भावना से उबरना होगा, क्योंकि मौलिक विचार मातृभाषा में ही आते हैं। शिक्षा का माध्यम भी मातृभाषा होनी चाहिए। शिक्षा विचार करना सिखाती है और मौलिक विचार उसी भाषा में हो सकता है जिस भाषा में आदमी जीता है। हमें अहसास होना चाहिये कि हिन्दी दुनिया की किसी भी भाषा से कमजोर नहीं है। हिन्दी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, और दिल्ली राज्यों की राजभाषा भी है। राजभाषा बनने के बाद हिन्दी ने विभिन्न राज्यों के कामकाज में लोगों से सम्पर्क स्थापित करनें का अभिनव कार्य किया है। लेकिन विश्व भाषा बनने के लिए हिन्दी को अब भी संयुक्त राष्ट्र के कुल सदस्यों के दो तिहाई देशों के समर्थन की आवश्यकता है। भारत सरकार इस दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। हम संभावनाएं जता सकते हैं कि शीघ्र ही हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र संघ की आधिकारिक भाषा में शामिल कर लिया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी विदेश यात्रा के दौरान अधिकतर अपना सम्बोधन हिन्दी भाषा में ही देते हैं। जिससे हिन्दी भाषा का महत्व विदेशी धरती पर भी बढ़ने लगा है। अंग्रेजी व चीनी भाषा मंदारिन के बाद हिन्दी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। नेपाल, पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी को हिंदी बोलना, लिखना, पढना आता है। बांग्लादेश, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश की सरकारे तो हिंदी भाषियों द्वारा ही चलायी जा रही हैं। पूरी दुनिया में हिंदी भाषियों की संख्या करीबन एक सौ करोड़ से अधिक है। बीसवीं सदी के अंतिम दो दशकों में हिन्दी का अन्तरराष्ट्रीय विकास बहुत तेजी से हुआ है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। विदेशों से हिन्दी में दर्जनों पत्र-पत्रिकाएं नियमित रूप से प्रकाशित हो रही हैं। हिन्दी भाषा और इसमें निहित भारत की सांस्कृतिक धरोहर सुदृढ और समृद्ध है। इसके विकास की गति बहुत तेज है। हिंदी भाषा एक दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए बहुत आसान और सरल माध्यम प्रदान करती है। यह प्रेम, मिलन और सौहार्द की भाषा है। हिन्दी विविध भारत को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन यह कैसी विडम्बना है कि जिस भाषा को कश्मीर से कन्याकुमारी तक सारे भारत में समझा जाता हो। उस भाषा के प्रति आज भी इतनी उपेक्षा व अवज्ञा क्यों ? प्रत्येक वर्ग का व्यक्ति हिन्दी भाषा को आसानी से बोल-समझ लेता है। इसलिए इसे सामान्य जनता की भाषा अर्थात जनभाषा कहा गया है। देश में तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के एक साथ विकास के कारण हिन्दी ने कहीं ना कहीं अपना महत्ता खो दी है। आज हिन्दी भाषा में अंग्रेजी शब्दों का प्रचलन तेजी से बढ़ने लगा है। बहुत से बड़े समाचार पत्रों में भी अंग्रेजी मिश्रित हिन्दी का उपयोग किया जाने लगा है। जो हिन्दी भाषा के लिये शुभ संकेत नहीं हैं। रही सही कसर सोशल मीडिया ने पूरी कर दी है। जहां सॉफ्टवेयर की मदद से रूपांतर कर अंग्रेजी से हिन्दी भाषा बनायी जाती है। जिसमें ना मात्रा का ख्याल रहता है और ना ही शुद्ध वर्तनी का। वर्तमान समय में हिन्दी भाषा के समाचार पत्र व पत्रिकायें धड़ाधड़ बंद हो रहें हैं। आदिकाल से अब तक हिन्दी के आचार्यों, सन्तों, कवियों, विद्वानों, लेखकों एवं हिन्दी-प्रेमियों ने अपने ग्रन्थों, रचनाओं से हिन्दी को समृध्द किया है। परन्तु हमारा भी कर्तव्य है कि हम अपने विचारों, भावों एवं मतों को विविध विधाओं के माध्यम से हिन्दी में अभिव्यक्त करें एवं इसकी समृध्दि में अपना योगदान दें। कोई भी भाषा तब और भी समृध्द मानी जाती है जब उसका साहित्य भी समृध्द हो। हिन्दी दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिये की हम पूरे मनोयोग से हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में अपना निस्वार्थ सहयोग प्रदान कर हिन्दी भाषा के बल पर भारत को फिर से विश्व गुरु बनवाने का सकारात्मक प्रयास करेंगें। अब तो कम्प्यूटर पर भी हिन्दी भाषा में सब काम होने लगे हैं। कम्प्यूटर पर हिन्दी भाषा के अनेको सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिनकी सहायता से हम आसानी से कार्य कर सकते हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)

# हिन्दी की राष्ट्रव्यापी स्वीकार्यता चाहिये

(हिन्दी दिवस 14 सितंबर पर विशेष/ लेखक- विजय कुमार जैन)

सर्वविदित है 14 सितंबर 1949 को हिन्दी भारत की राजभाषा घोषित की गई थी। और राजकाज के लिये पन्द्रह वर्ष तक अंग्रेजी को संपर्क भाषा के रूप में प्रयोग करने की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन तब से आज तक सात दशकों में हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान नहीं मिला। संतोष का विषय है कि आधुनिक संचार क्रांति के नये युग में मीडिया, फिल्म जगत और उद्योग सभी क्षेत्रों में हमारी प्यारी भाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार को अपेक्षाकृत बल मिला है। दक्षिण भारतीय भी हिन्दी के प्रति अब ज्यादा दुराग्रह नहीं रखते, मगर खेद का विषय है कि आज तक किसी शासनकाल में हिन्दी को राष्ट्र भाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने सक्रिय प्रयास नहीं हुए, हिन्दी दिवस के आयोजन मात्र औपचारिकता बन गये है। 14 सितंबर 1949 को भारत के संविधान में हिन्दी को भारतीय गणराज्य की राष्ट्र भाषा बनाने का निर्णय लिया गया और उसी दिन की स्मृति में संपूर्ण भारत में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। महाकवि मैथिली शरण गुप्त ने लिखा है भगवान भारत वर्ष में गूंजे हमारी भारती।भारती से महा कवि का आशय राष्ट्र भाषा हिन्दी से है। विश्व के 180 देशों में हिन्दी बोलने और समझने बाले नहीं है। पिछले 45 वर्षों के दौरान ग्यारह विश्व हिन्दी सम्मेलन विश्व के अनेक नगरों में आयोजित किये गये। हिन्दी लेखकों एवं कोटि के विद्वानों के आपसी सामन्जस्य से सौहार्द का वातावरण निर्मित हुआ है। विदेशों में हिन्दी का प्रचार प्रसार धीरे धीरे गति पकड़ रहा है।मॉंरीशस,फिजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद, गुयाना, नीदरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, नार्वे, वियतनाम, जापान, अमेरिका, जोहान्सबर्ग आदि देशों में ऐसी अनेक संस्थायें है जो हिन्दी साहित्यकारों की जयंती मनाते है। राम चरित मानस और गीता का पाठ करवाते है। होली और दीवाली के अवसर पर मिलन समारोह और कवि सम्मेलन आयोजित करते है।

मगर दुख का विषय है कि हम विदेशों में हिन्दी की इस हलचल को देख कर खुश तो हो लेते है किन्तु इस बात पर ध्यान नहीं देते कि, 10 से 14 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित पाँच दिवसीय प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री मती इंदिरा गाँधी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में का जो संकल्प लिया था, वह अभी तक अधर में ही क्यों लटका हुआ है। चेकोस्लोवाकिया के विद्वान प्रो. ओदोलेन स्मेकल ने नागपुर में आयोजित प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन में कहा था देश की आत्मा को समझने के लिये उसकी भाषा को समझना चाहिए। मुझे जान पड़ता है कि भारत की आत्मा को समझने के लिये संस्कृत निष्ठ हिन्दी को जानना आवश्यक है, क्योंकि वह अपने मूल रूप में संस्कृत शब्दों को आत्मसात करने के फलस्वरूप समृद्धतम वर्तमान भारत की राष्ट्र भाषा है। भारत के संविधान के भाग 17 अध्याय 1 में भारत की राजभाषा का उल्लेख है। संविधान में संकल्प 343 में स्पष्ट उल्लेख है कि भारत की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। भारतीय संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिये अंकों का रूप भारतीय अंकों का अन्तर्राष्ट्रीय रूप होगा। संविधान निर्माताओं ने बड़ी चालाकी से राजभाषा हिन्दी के साथ पन्द्रह वर्ष तक एक प्रावधान भी रखा था। हिन्दी राजभाषा के रूप में संवैधानिक रूप से तो प्रतिष्ठित हो गई पर हिन्दी को नौकरशाहों ने समय से ही अपनी भाषा और संस्कृति को भारत में स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया था। अंग्रेजों ने अपना शासन उज्जवल करने सबसे पहले अंग्रेजी को शासन और प्रशासन की भाषा बनायी। भारत में आजादी के पहले और बाद भी प्रशासकों ने अंग्रेजी को ही अपनी कार्य भाषा बनाया और हिन्दी की उपेक्षा कर उसके लिये मुश्किलें पैदा की हैं। आचार्य विनोबा भावे ने कहा है हिन्दी रूपी सूरज की रोशनी के बिना सबेरे की कल्पना व्यर्थ है। मैं दुनिया की सब भाषाओं की इज्ज़त करता हूँ, परन्तु मेरे देश में हिन्दी की इज्ज़त न हो, यह मै नहीं सह सकता। निश्चित ही यह गर्व का विषय है कि भारत के दक्षिण प्रदेशों तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, केरल आदि में हिन्दी के व्यापक प्रचार प्रसार में साधु सन्तों, फकीरों तथा उत्तर भारत से आये मारबाड़ी, गुजराती और मुसलमान व्यापारियों ने सराहनीय हिन्दी सेवा की है। गुजरात में जन्मे महात्मा गाँधी और स्वामी दयानंद सरस्वती के साथ साथ कवि दयाराम का योगदान हमेशा याद रहेगा। बंगाल के कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर, बंकिम चन्द्र चटर्जी और शरतचंद्र का हिन्दी के लिये योगदान महत्वपूर्ण रहा है। भाषा और संस्कृति एक दूसरे को प्रभावित करती हैं। किसी भी देश का समाज जब किसी विदेशी भाषा की संस्कृति पर आशक्त होता है तो उसके आदर्श और नैतिक मूल्य बदल जाते है। अपनी भाषा की आत्मीयता, गहन अनुभूतियाँ और मानवीय संबंधों का आलोक किसी भी विदेशी भाषा से प्राप्त नहीं हो सकता। हमें विदेशी भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करने का विरोधी नहीं होना चाहिये, किन्तु हमे किसी भी स्थिति में विदेशी भाषा की संस्कृति से प्रभावित नहीं होना चाहिये। राष्ट्रीय चेतना के यशस्वी कवि माखनलाल चतुर्वेदी के अनुसार हिन्दी हमारे देश की भाषा की प्रभावशाली विरासत है। महात्मा गाँधी के अनुसार हिन्दी ही देश को एक सूत्र में बाँध सकती है। पूर्व प्रधानमंत्री श्री मती इंदिरा गाँधी ने कहा है हिन्दी विश्व की महान भाषाओं में से एक है। वह करोड़ों लोगों की मातृभाषा है और करोड़ों लोग ऐसे है जो दूसरी भाषा के रूप में बोलते हैं। सुप्रसिद्ध दिगम्बर जैन संत आचार्य विद्या सागर जी हिन्दी को बढ़ावा देने राष्ट्र व्यापी अभियान रखकर जनजागृति ले रहे है। उन्होंने नारा दिया है इंडिया नहीं भारत बोलो। आचार्य विद्या सागर जी की प्रेरणा से बालिका आवासीय विद्यालय जबलपुर, रामटेक,डोंगरगढ़, इंदौर में संचालित हैं,इसी प्रकार क्रांतिकारी जैन मुनि सुधासागर जी की प्रेरणा से श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा सांगानेर-जयपुर एवं खनियांधाना म.प्र. में बालक आवासीय विद्यालय संचालित हैं इनमें हिन्दी माध्यम से पढ़ाई होती है। हिंदी की वर्तमान दशा को देखते हुए समाज को एक दिशा प्रदान करना आवश्यक है। हमे हिन्दी के संदर्भ में अपने घर से शुरुआत करना होगा। बच्चों को समझा कर मम्मी-डैडी, अंकल-आंटी कजिन शब्दों का प्रयोग बंद करना होगा। सामाजिक स्तर पर भी हिन्दी में परिवर्तन आवश्यक है। मोबाइल अथवा टेलीफोन पर हेलो शब्द का प्रयोग होता है, जबकि प्रारंभ होना चाहिए कहिये अथवा मैं बोल रहा हूँ आप कौन? अथवा नमस्कार से प्रारंभ होना चाहिये। दुकानों, शिक्षण संस्थाओं, शासकीय कार्यालयों ने नाम पट हिन्दी में होना चाहिये। जलपान के समय टी के स्थान पर चाय, कोक के स्थान पर शरबत या शिकंजी कहना चाहिये।

## विचार मंथन

# आम चुनाव से पहले 5 लाख गांवों में 1000 साधु संत

(लेखक – सनत जैन)

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के लोकार्पण और लोकसभा के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक बड़ी रणनीति तैयार की है। इस रणनीति के अनुसार नवंबर माह के पहले सप्ताह से विश्व हिंदू परिषद द्वारा समर्थित भारतीय संत समिति और अखाड़ा परिषद के 1000 से ज्यादा संत 5 लाख गांवों में जाकर राम मंदिर निर्माण लोकार्पण एवं चुनाव को ध्यान में रखते हुए सियासी धार्मिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास करेंगे। इसके लिए 2 नवंबर से विधिवत कार्यक्रम बनाया गया है। जिन साधु-संतों को इस काम में लगाया जा रहा हैं, वह पहले उन राज्यों में जाएंगे, जहां पर विधानसभा चुनाव है। उसके बाद उन राज्यों में जाएंगे, जहां पर सबसे ज्यादा हिंदू आबादी है। 2 नवंबर को 495 महामंडलेश्वर काशी पहुंच रहे हैं। चुनाव के पहले धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण तैयार करने के लिए राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के बलदानियों की मुक्ति के लिए मोक्ष यज्ञ किया जाएगा। 3 नवंबर को रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में संस्कृ ति संसद का आयोजन होगा। इस आयोजन में मंडलेश्वर, महामंडलेश्वर तथा 1000 से अधिक साधु-संत शामिल होंगे। 4 नवंबर को 40 पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित लोगों को भी बुलाया गया है। 5 नवंबर को युवा सांसद होगी, इसके बाद संत चले गांव की ओर कार्यक्रम का शंखनाद कर दिया जाएगा। संत समिति के महामंत्री जितेंद्र आनंद सरस्वती के अनुसार यह यात्रा काशी से शुरू होगी। देश के 550 जिलों के 5 लाख से अधिक गांवों में साधु-संत जाएंगे। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के लोकार्पण समारोह के लिए सभी 5 लाख गांव एवं शहरों के मंदिरों को सजाया जाएगा, रोशनी की जाएगी। सभी हिन्दू धा र्मिक स्थलों में पूजा-पाठ, यज्ञ और कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राम मंदिर के नाम पर धार्मिक ध्रुवीकरण पैदा करने की जो कोशिश की जा रही है, इसमें भारतीय जनता पार्टी कितनी सफल होगी, कहना मुश्किल है। पिछले 10 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है। हिंदी भाषी राज्यों में भी भाजपा की सरकारें लंबे समय से हैं। गुजरात में लगभग 27 वर्षों से भाजपा की सरकार है। राम मंदिर भी बन चुका है। ध्रुवीकरण की राजनीति में अब हिंदुओं को हिंदुओं के बीच बांटा जा रहा है। हाल ही में तमिलनाडु में जिस तरह से सनातन धर्म के बारे में बातें कही हैं, उसमें 50 फीसदी से ज्यादा हिंदू जो दलित और आदिवासी समुदाय से आते हैं, वह सनातन धर्म को नहीं मानते हैं। सबके अलग-अलग धर्म और अलग-अलग आस्था है। जिस तरह से धार्मिक ध्रुवीकरण को बनाने के लिए साधु-संतों को आगे किया जा रहा है। सनातन धर्म के मंदिरों में यज्ञ, पूजा-पाठ और कथा-कीर्तन इत्यादि होंगे। हिंदू समाज जो दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग का है, उसको भारतीय जनता पार्टी किस तरीके से अपने साथ जोड़कर रख पाएगी, यह कहना मुश्किल है। संभावनाओं के आधार पर सभी अपना-अपना काम करते हैं। मंडल और कमंडल की नई राजनीति देश में अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है। बिहार में जा तिगत जनगणना हो चुकी है। अ धिकांश राजनै तिक दल जातीय एवं धा र्मिक आधार पर जनगणना की मांग कर रहे हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। जातीय समीकरण को देखते हुए साधु-संतों की इस तरह की सक्रियता, चुनाव को ध्यान में रखकर की जा रही है, तलवार की धार में चलने के समान है। भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस स्थिति पर लगता है, गंभीरता से विचार नहीं किया है। समय रहते हुए यदि हिंदुओं के वोट बैंक को एकजुट रखना है, तो यह तरीका शायद मुफीद साबित नहीं होगा। द लित एवं आ दिवा सियों के देवी-देवता अलग हैं।



उनकी मान्यता और आस्था भी अलग-अलग है।



## 2019-20 से 2023 तक देश में 5.2 करोड़ नए रोजगार सृजित हुए

**मुंबई ।** देश में संगठित क्षेत्र में वित्त वर्ष 2019-20 से 2022-23 के दौरान करीब 5.2 करोड़ नए रोजगार सृजित हुए हैं। इसमें शुद्ध रूप से 2.7 करोड़ रोजगार सृजित हुए। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), एनपीएस और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मोदी सरकार अप्रैल, 2018 से संगठित क्षेत्र में सृजित रोजगार के आंकड़े जारी कर रही है। रोजगार के बारे में जानकारी ईपीएफओ, राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) और ईएसआईसी से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जारी की जा रही है। संगठित क्षेत्र में सृजित रोजगार के बारे में ईपीएफओ के पिछले चार साल के आंकड़ों के अनुसार वित्तवर्ष 2019-20 से 2022-23 के दौरान 4.86 करोड़ अंशधारक कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से जुड़े। इसमें नई नौकरियों के साथ एक जगह से इस्तीफा देने के बाद दूसरी जगह नौकरी प्राप्त करने वाले शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, दुबारा नौकरी हासिल करने वाले या फिर से ईपीएफओ के अंशधारक बनने वालों को अलग कर पहली नौकरी प्राप्त करने वालों की संख्या शुद्ध रूप से 2.27 करोड़ रही। एनपीएस के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में 8.23 लाख नए अंशधारक नई पेंशन योजना से जुड़े। इसमें राज्य सरकार के अंतर्गत 4.64 लाख, गैर-सरकारी क्षेत्रों में 2.30 लाख और केंद्र में 1.29 लाख अंशधारक जुड़े। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले चार साल में एनपीएस से करीब 31 लाख नए अंशधारक जुड़े।

## बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने हैफेड बना रहा योजना

**नई दिल्ली ।** हरियाणा में बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने हैफेड योजना बना रहा है। यहां राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन महासंघ लिमिटेड (फेड) का एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल, जिसमें हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत, डॉ. जे.गणेशन, आई.ए.एस. प्रबंध निदेशक हैफेड और महाप्रबंधक (विपणन) रजनीश शर्मा शामिल थे, ने संयुक्त अरब अमीरात में बासमती व्यवसायियों से मुलाकात की। उनके साथ हुई बैठक का संचालन मध्य पूर्व के एक प्रतिष्ठित उद्योगपति मोनिश बहल ने किया। इस दौरान मध्य पूर्व में हरियाणा हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत, सिलाल फूड के निदेशक अब्दुल्ला अतीफ अलदरमाकी, चावल के निर्यात में जुड़े कई और लोगों ने सरकार की इस पहल का स्वागत किया। इस दौरान हैफेड व अन्य को बढ़ावा देने के अलावा दुबई स्थित बासमती चावल के हैफेड के लिए व्यवसाय प्राप्त करने एक प्रमुख निर्यातक के साथ बैठके हुई, जिसके बाद 1000 मीट्रिक टन के निर्यात सौदे को अंतिम रूप दिया गया। हैफेड अध्यक्ष ने कहा कि इस सौदे ने नए व्यवसाय के नए आधार खोले हैं और बड़े पैमाने पर निर्यात बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया है। गौरतलब है कि अब्दुल्ला अतीक अलदारमाकी निदेशक, सिलाल अमीरात की खाद्य समाज से संबंधित एक प्रमुख सरकारी कंपनी के साथ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि वह मध्य पूर्व में हरियाणा की सभी पहलों और हितों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसमें वर्तमान हैफेड व्यापार उद्यम भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से उद्देश्य की भावना से प्रेरित हैं, जो हरियाणा को अन्य सभी प्रदेशों के हैफेड करने की योजना बनाई है। बीच अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत ने उल्लेख किया कि बार्ता सफल रही और बहुत जल्द संयुक्त अरब अमीरात को चावल व चीनी निर्यात करने पर समझौता होगा।



# कोल इंडिया करेगी 24,750 करोड़ रुपये का निवेश

### लगाएगी इको- फ्रेंडली प्रोजेक्ट्स

**नई दिल्ली ।**

सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड पर्चावरण पर सबसे बड़ा निवेश करने जा रही है। जानकारी के अनुसार सीआईएल ने पर्यावरण-अनुकूल कोयला परिवहन को बढ़ावा देने के लिए अगले कुछ साल में 61 संपर्क परियोजनाओं (एफएमसी) पर 24,750 करोड़ रुपये पूंजी निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इस दौरान दुनिया की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया ने बयान में कहा कि खदानों से निकलने वाले कोयले को नजदीकी परिवहन केंद्र तक पहुंचाने से संबंधित ये परियोजनाएं तीन चरणों में स्थापित की जाएंगी। एफएमसी परियोजनाएं पूरी होने पर इनकी कुल वहन क्षमता 76.35 करोड़ टन की होगी। कोल इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कोयला परिवहन का पर्यावरण अनुकूल होना जरूरी है ताकि कोयला खदानों के आसपास रहने वाले लोगों की जिंदगी को बेहतर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं कोयले की धूल से होने वाले प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के साथ सड़क परिवहन पर बोझ को भी कम करती हैं। इससे सटीक मात्रा में और गुणवत्ता वाले कोयले का लदान हो पाता है। पहले चरण में 35 एफएमसी परियोजनाओं पर 10,750 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश किया जाएगा जिनकी वहन क्षमता 41.45 करोड़ टन होगी। इनमें से 11.2 करोड़ टन क्षमता वाली आठ परियोजनाएं पहले से ही चालू हो चुकी हैं। बयान के मुताबिक, कोल इंडिया 17.8 करोड़ टन क्षमता वाली 17 अन्य परियोजनाओं को भी चालू करने की तैयारी में है। पहले चरण की बाकी 10 परियोजनाओं के वित्त वर्ष 2024-25 तक शुरू होने की संभावना है।



## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपसा 11 पैसे बढ़कर 82.92 पर बंद हुआ। इससे पहले गत दिवस रुपया 11 पैसे बढ़कर 82.92 पर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे की बढ़त के साथ ही 82.93 पर पहुंच गया। वहीं विदेश मुद्रा के विशेषज्ञों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के नरम रुख और सकारात्मक घरेलू बाजारों से समर्थन मिलने के कारण रुपया एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.93 पर खुला, जो पिछले बंद स्तर की तुलना में 10 पैसे की बढ़त है। सोमवार को रुपया 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 फीसदी की गिरावट के साथ 104.55 पर आ गया।

## बायजू पर लेंडर्स का आरोप, तीन साल पुराने एक हेज फंड को छुपाया

**मुंबई ।**

भारत की दिग्गज एडुटेक स्टार्टअप कंपनी बायजू पर लेंडर्स ने आरोप लगाया है कि कंपनी ने कथित तौर पर तीन साल पुराने एक हेज फंड में 53.3 करोड़ डॉलर छिपाए थे। मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में फाइल दस्तावेज के अनुसार, कुछ ऋणदाताओं ने एक मुकदमे में आरोप लगाया है कि बायजू ने विलियम सी. मॉर्टन द्वारा स्थापित निवेश फर्म फंड को पिछले साल करोड़ों डॉलर ट्रांसफर किए थे। इस इनवेस्टमेंट फर्म को मॉर्टन ने 23 साल की उम्र में शुरू किया था और इस प्रकार से उस निवेश का खास प्रशिक्षण नहीं था। इसके अलावा अपने पैसों की रिकवरी में लगे लेंडर्स के मुताबिक इस फंड ने एक बार दावा किया था कि इसका मुख्य कारोबार मियामी में पैनकेक रेस्तरां का है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऋणदाताओं ने कहा है कि निवेश में औपचारिक प्रशिक्षण की स्पष्ट कमी के बावजूद मॉर्टन के फंड को पैसा मिला। अदालत में जमा कागजात के अनुसार, बायजू जब पैसे भेजे थे, उसके बाद से अब तक लक्जरी कारें 2023 फेरारी रोमा, एक 2020 लेम्बोर्गिनी हुराकैन ईवीओ, और एक 2014 रोल्स-रॉयस व्रेथ-मॉर्टन के नाम पर रजिस्टर्ड की गई हैं। मियामी-डेड काउंटी अदालत की फाइलिंग में लेंडर्स ने तर्क दिया, लेनदारों को बाधा पहुंचाने और देरी करने के स्वीकृत उद्देश्य के लिए बायजू ने उधारकर्ता के 533 मिलियन डॉलर के ठिकाने को छिपाने के लिए काफी प्रयास किए हैं। हालांकि, बायजू प्रवक्ता ने कहा कि व्यावसायिक रूप से विवेकपूर्ण उधारकर्ता के रूप में और किसी भी अन्य बड़े कॉर्पोरेट खजाने की तरह, बायजू अल्फा (अमेरिकी सहायक कंपनी) ने हाई सिक्योरिटी फिक्स इनकम उपकरणों के साथ सौ अरब डॉलर से अधिक के फंड में निवेश किया है। बायजू के प्रवक्ता ने कहा उधारदाताओं के साथ हमारा क्रेडिट समझौता इसके तहत वितरित धन की आवाजाही या निवेश को प्रतिबंधित या प्रतिबंधित नहीं करता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### निफ्टी 20 हजार के ऊपर बंद




**सेंसेक्स 245.86 अंक बढ़ा**

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को भारी उछाल के साथ बंद हुआ। दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी लिवाली (खरीददारी) से बाजार में ये उछाल आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 245.86 अंक करीब 0.37 फीसदी बढ़कर 67,466.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 67,565.41 तक ऊपर जाने के बाद 67,053.36 तक फिसला। वहीं, दूसरी ओर पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 76.80 अंक तकरीबन 0.38 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी दिन के अंत में 20 हजार के ऊपर पहुंचने के बाद 20,070.00 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 20,096.90 की ऊंचाई तक गया और इसके बाद 19,944.10 तक गिरा। इस प्रकार इसमें 246 अंकों की उछाल दर्ज की गई। वहीं, निफ्टी 77 अंको की बढ़त के साथ नए शीर्ष स्तर पर पहुंचा। इससे पहले कारोबार की शुरुआत में स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रुक गयी और सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 168 अंक गिरा। वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी से भी बाजार नीचे आया। इसके अलावा घरेलू बाजार के ऊंचे मूल्यांकन की वजह से भी निवेशकों ने सतर्कता रखी हालांकि अगस्त के लिए उम्मीद से बेहतर रिटेल महंगाई डेटा के कारण बेंचमार्क सूचकांक सकारात्मक क्षेत्र में वापस आ गए। आज के कारोबार में सेंसेक्स के शेयरों में 20 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। भारती एयरटेल, टाइटन, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और एसबीआई सेंसेक्स के शीर्ष पांच लाभ वाले शेयर रहे रहे। सबसे ज्यादा लाभ भारती एयरटेल के शेयरों को हुआ। इसके शेयर 2.72 फीसदी तक ऊपर आये।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 10 शेयर नुकसान के साथ नीचे आकर बंद हुए। एमएंडएम, एलएंडटी, नेस्ले इंडिया, जेएसडब्लूय स्टील और टीसीएस सेंसेक्स के सबसे अधिक नुकसान वाले शेयर रहे। सबसे ज्यादा नुकसान एमएंडएम के शेयरों को हुआ। इसके शेयर करीब 1.34 फीसदी तक गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुला। आज कारोबार शुरु होते ही बाजार नीचे आने लगा। इस दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 100 अंक नीचे आकर 67100 के सत्र पर कामकाज करता दिखा, दूसरी ओर पचास शेयरों वाला निफ्टी भी करीब 20 अंक टूटकर 19,977 अंक पर कारोबार करता नजर आया। आज के कारोबार के दौरान डॉ. रेड्डीज लैब्स, ओएनजीसी, डिविस लैब्स, पावर ग्रिड कॉर्प और बीपीसीएल निफ्टी के शेयर ऊपर आये जबकि टीसीएस, एचडीएफसी लाइफ, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और अदानी पोर्ट्स के शेयर गिरे।

# कॉफी डे ग्लोबल का इंडसइंड बैंक से समझौता, दिवाला कार्यवाही रद्द

**नई दिल्ली ।**

कॉफी डे ग्लोबल लिमिटेड (सीडीजीएल) दिवालिया कार्रवाई से बच गई है। जानकारी के अनुसार कंपनी और उसके वित्तीय ऋणदाता इंडसइंड बैंक के बीच समझौता हो गया है। इस समझौता के बाद राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने कंपनी के खिलाफ दिवाला आदेश को रद्द कर दिया है। यह कंपनी कॉफी श्रृंखला कैफे कॉफी डे का परिचालन करती है। सीडीजीएल और इंडसइंड बैंक के वकील ने बुधवार को एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ को समझौते के बारे में सूचित किया और दिवाला मुकदमे को वापस लेने की अनुमति मांगी। न्यायमूर्ति एम वेणुगोपाल और श्रीशा मेरला की दो सदस्यीय पीठ ने उनकी दलीलों को रिकॉर्ड पर लिया और सीडीजीएल को दिवालिया घोषित करने के आदेश को रद्द कर दिया। इससे पहले 11 अगस्त को एनसीएलएटी ने एक अंतरिम आदेश के जरिए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के सीडीजीएल के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने के निर्देश पर रोक लगा दी थी। एनसीएलटी के इस आदेश को सीडीजीएल के निदेशक और दिवंगत वी जी सिद्धार्थ की पत्नी मालविका हेगड़े ने अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष चुनौती दी थी। 20 जुलाई को एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ ने कंपनी के वित्तीय ऋणदाता इंडसइंड बैंक द्वारा 94 करोड़ रुपए के बकाया का दावा करने वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया था। इसके अलावा एनसीएलटी ने कंपनी के निदेशक मंडल को निलंबित करते हुए शैलेन्द्र अजमेरा को अंतरिम समाधान पेशेवर भी नियुक्त किया था। मूल कंपनी कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, सीडीजीएल के पास 154 शहरों में 469 कैफे और 268 सीसीडी वैल्यू एक्सप्रेस कियोस्क हैं। इसकी 48,788 वेंडिंग मशीनें हैं, जो ब्रांड के तहत कॉरपोरेट स्थलों और होटलों में कॉफी वितरित करती हैं।




## कई शहरों में ईंधन की कीमतों में आया बदलाव

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में बुधवार को क्रूड (कच्चे तेल) की कीमतों में आये उतार-चढ़ाव के बीच ही देश के कई शहरों में पेट्रोल डीजल की कीमतों में बदलाव आया हालांकि चारों महानगरों में पेट्रोल डीजल की कीमतें पहले की तरह ही बनी हुई हैं। उत्तर प्रदेश के आगरा में पेट्रोल 18 पैसे नीचे आकर 96.20 रुपये व डीजल 18 पैसे टूटकर 89.37 रुपये लीटर बिक रहा है। वहीं वाराणसी में पेट्रोल की कीमतें 43 पैसे बढ़ी हैं। गाजियाबाद में 96.58 रुपये और डीजल 89.75 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.24 रुपये और डीजल 94.04 रुपये प्रति लीटर पर है। चंडीगढ़ में 96.20 रुपये और डीजल 84.26 रुपये प्रति लीटर हो गया है। भोपाल में पेट्रोल 108.65 रुपये और डीजल 93.90 रुपये प्रति लीटर हो गया है. पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं अंतराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआई क्रूड के दाम 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ ही 88.92 डॉलर पर पहुंच गये हैं जबकि ब्रेंट क्रूड की कीमतों में आज 0.04 फीसदी की बढ़त आई है और से 92.10 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.79 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# ग्राहको को कागजात लौटने में की देरी तब बैंकों की खैर नहीं : आरबीआई

**नई दिल्ली ।**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने होम लोन लेने वालों को बड़ी राहत दे दी है। अब अगर लोन चुका देने के बाद बैंक, एनबीएफसी या हाउसिंग फाइनेंस कंपनियां संपत्ति के कागजात को वापस देने में देरी करती है, तब उन्हें ग्राहकों को हर्जाना देना पड़ेगा। रिजर्व बैंक ने बुधवार सुबह यह आदेश जारी किया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सभी बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों को निर्देश दिया है कि वह लोन चुकता होने के बाद 30 दिन के अंदर सभी डॉक्यूमेंट्स ग्राहकों को लौटाएं। साथ ही आरबीआई ने कहा है कि इसके लिए बैंकों और सभी वित्तीय संस्थानों को किसी भी तरह का चार्ज भी हटाना होगा। आरबीआई ने निर्देश जारी किया है कि लोन लेने वाला अपनी ब्रांच से या उस वित्तीय संस्थान की किसी भी शाखा से अपनी जरूरत के हिसाब से यह दस्तावेज वापस पा सकता है। साथ ही कहा गया है कि जारी किए गए सैंक्शन लेटर (ऋण स्वीकृति पत्र) में मूल चल/अचल संपत्ति दस्तावेजों की वापसी की समयसीमा और स्थान का उल्लेख किया जाएगा, जहां से इनको वापस किया जाना है। यदि कर्जदार की मृत्यु हो जाती है, तब उसके उत्तराधिकारी को दस्तावेज वापस करना होगा। आरबीआई के निर्देश के तहत इसकी जिम्मेदारी रेगुलेटेड एंटिटीज की होगी। साथ ही इस प्रक्रिया की जानकारी ऑनलाइन वेबसाइट पर भी अपलोड करना होगी। आरबीआई ने कहा है कि यदि बैंक या अन्य रेगुलेटेड एंटिटीज रजिस्ट्री के कागजात या ऑरिजिनल दस्तावेज खो देते हैं। तब इस स्थिति में ग्राहकों को फिर से कागजात निकलवाने में भी संबंधित संस्थानों को ही मदद करनी होगी। आरबीआई ने साफ किया है कि मूल चल/अचल संपत्ति दस्तावेजों को वापस करने में देरी या ऋण की पूर्ण चुकौती/निपटान के बाद 30 दिनों से अधिक समय तक दस्तावोज वापस न करने पर मुआवजा भी देना होगा। ऐसे मामले में जहां देरी रेगुलेटेड एंटिटीज के कारण होती है, वह उधारकर्ता को देरी के प्रत्येक दिन के लिए 5,000 रुपये की दर से मुआवजा देगा।

## स्टारलिंक जल्द ही भारत में अपनी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस शुरू कर सकती

**नई दिल्ली ।**

दुनिया के सबसे अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक जल्द ही भारत में अपनी ब्रॉडबैंड इंटरनेट सर्विस शुरू कर सकती है। खबर के मुताबिक, कंपनी को जल्द ही दूरसंचार मंत्रालय से इसकी अनुमति मिल सकती है। स्टारलिंक करीब एक महीने से भारत में अपनी सर्विस शुरू करने की कोशिश कर रही है लेकिन कुछ कारणों की वजह से स्टारलिंक को गृह मंत्रालय से परमिशन नहीं मिल पा रही है।

रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है, केंद्रीय गृह मंत्रालय सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन (जीएसपीसीएस) सर्विस लाइसेंस के लिए स्टारलिंक के प्रस्ताव पर विचार कर सकता है। सूत्र ने कहा कि इस लाइसेंस के पास होने की भी उम्मीद है। हालांकि, कुछ अड़चनों से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जीएसपीसीएस के बाद स्टारलिंक को सरकार के कई विभागों और भारत के स्पेस मंत्रालय से मंजूरी लेनी पड़ेगी। इसके बाद, कंपनी अपने ऑपरेशन को देशभर में शुरू कर सकती है। वर्तमान में, मुकेश अंबानी की जिओ और सुनील मित्तल समर्थित वन वेब के पास भारत में जीएसपीसीएस लाइसेंस हैं। जियो की साझेदारी लक्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के साथ है। जेफ बेजोस के पास भी 'कुइपर' नाम का इसी तरह का एक प्रोजेक्ट है, लेकिन यह अभी तक भारत में नहीं आया है। स्टारलिंक को 2021 में दूरसंचार मंत्रालय द्वारा फटकार लगाई गई थी जब उसने बिना लाइसेंस के भारत में अपने डिवाइस के लिए एडवांस ऑर्डर लेना शुरू कर दिया था। लगभग 5,000 ग्राहकों ने अपने प्री-ऑर्डर लगभग 99 डॉलर की कीमत पर दिए थे। कंपनी को भारतीयों से वसूले गए पैसे वापस करने के लिए भी कहा गया था। इसके पहले जून में, बताया था कि स्टारलिंक भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी न करने और ग्लोबल ट्रेंड के अनुरूप लाइसेंस आवंटित करने की पैरवी कर रही है। इसमें कहा गया कि स्पेक्ट्रम एक नेचुरल रिसोर्स है जिसे कंपनियों द्वारा साझा किया जाना चाहिए।

## अमेरिकी सेब पर अतिरिक्त प्रतिकारी शुल्क हटाने का घरेलू उत्पादकों पर कोई असर नहीं

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने बुधवार को साफ किया है कि अमेरिका से सेब और अखरोट सहित 8 कृषि उत्पादों के आयात से अतिरिक्त प्रतिकारी शुल्क हटाए जाने का घरेलू उत्पादकों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा। वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि दरअसल इस कदम से प्रीमियम मार्केट सेग्मेंट में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे ग्राहकों को बेहतर मूल्य पर बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। खासकर सेब के मामले में इसका फायदा ग्राहकों को मिलेगा। वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव पीयूष कुमार ने कहा, 'कुछ चिंता व्यक्त की गई थी, जिस पर आपसी सहमति से समाधान कर लिया गया है। खासकर 7-8 कृषि उत्पादों को लेकर यह चिंता जताई गई थी, जिनके आयात पर हमने उस समय प्रतिकार शुल्क लगाया था, जब अमेरिका ने स्टील व एल्युमीनियम पर शुल्क लगाया था।' कुमार ने कहा, 'इस तरह से सिर्फ अतिरिक्त (आयात शुल्क) ही हटाया गया है। बुनियादी आयात शुल्क 50 प्रतिशत (सेब के मामले में) लागू रहेगा। जब हमने अमेरिका के खिलाफ अतिरिक्त शुल्क लगाया था, इसका एक नुकसान था। एक बाजार गंवा दिया, जिसकी जगह कुछ अन्य देशों ने ले ली, जिनमें ईरान, न्यूजीलैंड, चिली, तुर्की शामिल हैं। यह अतिरिक्त शुल्क हटाने से अमेरिका इन बाजारों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हो सकेगा।' इसके अलावा सेब पर भूटान को छोड़कर सभी देशों से आयात पर 50 रुपये प्रति किलो न्यूतम आयात शुल्क (एमआईपी) लगता है, जिससे खराब गुणवत्ता के सेब की डंपिंग से बचा जा सके और भारतीय बाजार को किसी प्रभावित करने वाली मूल्य नीति से बचाया जा सके। वाणिज्य विभाग के एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, 'अमेरिका का सेब, बादाम, और अखरोट अन्य देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। बयान उस समय आया है, जब स्थानीय किसानों और उत्पादकों ने नुकसान का अनुमान लगाया है। खासकर कश्मीर के सेब और अखरोट के किसानों ने आपत्ति जाहिर की थी, क्योंकि अब अमेरिका को इन सामानों के लिए व्यापक बाजार तक पहुंच मिल जाएगी। भारत में जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बड़े पैमाने पर सेब का उत्पादन किया जाता है। दोनों राज्य मिलकर भारत का करीब 97 प्रतिशत सेब उत्पादन करते हैं।

## फ्रांस ने एप्पल को दिया झटका, आईफोन 12 की बिक्री पर रोक



**पेरिस ।**

एप्पल ने जब अपना आईफोन 15 लांच किया, तभी फ्रांस ने कंपनी को बड़ा झटका दे दिया। फ्रांस में एप्पल के आईफोन 12 की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि आईफोन 12 फोन से हानिकारक रेडिएशन निकलने की शिकायत सामने आई है। रेडियो फ्रीक्वेंसी को नियंत्रित करने वाली फ्रांसीसी एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। एएनएफआर ने कहा कि उसने मार्किट से 12 सितंबर को एप्पल के आईफोन 12 हटाने का आदेश दिया क्योंकि फोन की बॉडी इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन को बहुत ज्यादा उत्सर्जित कर रही है।

एएनएफआर ने एप्पल को आईफोन 12 की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के अपने फैसले के बारे में सूचित किया। लैब में परीक्षण से पता चला कि फोन चाहे हाथ में हो या पॉकेट में, उसकी बॉडी 5.74 वाट प्रति किलोग्राम इलेक्ट्रोमैग्नेटिक रेडिएशन को अब्सॉर्ब कर रही है। हालांकि, यूरोपीय देशों में इसकी रेंज 4.0 वाट प्रति किलोग्राम के भीतर होनी जरूरी है।

यह खबर एप्पल के सीईओ टिम कुक द्वारा आईफोन 15 और अन्य नए एप्पल प्रोडक्ट को लांच करने के कुछ ही घंटों बाद आई है। एप्पल ने अपने आईफोन और अन्य सभी उत्पादों के लिए यूएसबी-सी चार्जिंग पोर्ट भी पेश किया है।

यह तब आया है जब यूरोपीय संघ ने आदेश दिया कि क्षेत्र के भीतर बिक्री के लिए उपलब्ध सभी मोबाइल फोन, टैबलेट और कैमरों में 2024 के अंत तक यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग इंटरफ़ेस होना चाहिए।

## एशिया कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने जडेजा




**कोलंबो ।** भारतीय टीम के स्पिनर रवींद्र जडेजा भारत की ओर से एशिया कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। जडेजा ने ये उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में दो विकेट लेने के साथ ही हासिल की। इस प्रकार जडेजा के नाम एशिया कप की 18 पारियों में 24 विकेट हो गये हैं। जडेजा ने इसी के साथ ही पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान को भी पीछे छोड़ दिया। पठान ने 12 पारियों में 22 विकेट लिए हैं। वहीं कुलदीप यादव के नाम 9 पारियों में 19 विकेट हैं। जडेजा कुल मिलाकर एशिया कप में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वहीं श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन 24 पारियों में 30 विकेट के साथ ही इस सूची में सबसे ऊपर हैं। भारतीय टीम के स्पिनरों का प्रदर्शन एशिया कप में शानदार रहा है। श्रीलंका को हराकर भारतीय टीम फाइनल में पहुंच गयी है। प्रेमदासा स्टेडियम में 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका 172 रन पर ही सिमट गयी। इस मैच में दोनो ही टीमों के स्पिनरों ने ही अधिकांश विकेट लिए।

# अफगानिस्तान ने क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए टीम की घोषणा की, सीनियर ऑलराउंडर को किया बाहर

**काबुल ।**

अफगानिस्तान ने अक्टूबर में भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। 2021 में लिस्ट ए में आखिरी बार खेलने वाले तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक दो साल के अंतराल के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सीनियर ऑलराउंडर गुलबदीन नायब मौजूदा एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम से बाहर हैं। नवीन ने अफगानिस्तान के लिए 7 वनडे मैच खेले हैं और 25.42 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। इस बीच नायब ने पाकिस्तान श्रृंखला में अपनी वनडे वापसी पर चमक बिखेरी और बाद में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट लिए, लेकिन खुद को टीम से बाहर कर दिया।

चोट के कारण एशिया कप से बाहर रहने वाले अजमतुल्लाह उमरजई की भी टीम में वापसी हुई है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली टीम में एशिया कप में खेलने वाले ग्रुप से चार बदलाव किए गए हैं। नायब के अलावा करीम जनत, शराफुद्दीन अशरफ और सुलेमान सफी भी चूक गए।

बाकी टीम एशिया कप के समान हैं, स्पिन विभाग राशिद खान, मोहम्मद नबी और युवा खिलाड़ी मुजीब उर रहमान और नूर अहमद से भरा हुआ है। हालांकि नवीन की टीम में वापसी के साथ अब फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और उमरजई के साथ अफगानिस्तान की गेंदबाजी में गहराई होगी।



**क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए अफगानिस्तान टीम :**

हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, रियाज हसन, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, इकराम अलीखिल, अजमतुल्ला उमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, फजलहक फारूकी , अब्दुल रहमान, नवीन-उल-हक।

# विराट, रोहित की जोड़ी ने बनाया रिकार्ड, एकदिवसीय में सबसे तेजी से पूरे किये 5,000 रन

### ग्रीनिज और हेन्स को पीछे छोड़ा

**कोलंबो ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर के मुकाबले में एक और अहम उपलब्धि हासिल की है। रोहित और विराट की जोड़ी अब एकदिवसीय में सबसे तेजी से 5,000 रन बनाने वाली जोड़ी बन गयी है। इस जोड़ी ने वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज गॉर्डन ग्रीनिज और डेसमंड हेन्स की जोड़ी को भी पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 97 पारियों में 5,000 वनडे रन तक पहुंचने का रिकॉर्ड बनाया था। रोहित और विराट की जोड़ी ने 86वीं एकदिवसीय पारी में एक साथ बल्लेबाजी करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। दोनों बल्लेबाजों ने 62.47 की औसत से 18 शतकीय और 15 अर्धशतकीय साझेदारी की है। उनकी सबसे बड़ी साझेदारी 2018 में आई जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुवाहाटी में 323 के कठिन लक्ष्य का पीछा करने के लिए 246 रन जोड़े। वे सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली तथा रोहित और शिखर धवन के बाद इस



ऐतिहासिक आंकड़े तक पहुंचने वाली तीसरी भारतीय जोड़ी हैं। सचिन और गांगुली की जोड़ी ने एकदिवसीय की 176 पारियों में 8,227 रन बनाये थे।



## एप्पल सीईओ से मिलीं सिंधु

**कैलिफोर्निया ।**

भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु अपने अमेरिका दौरे में एप्पल के मुख्य कार्यकारी टिम कुक से मिलीं। सिंधु ने अपनी मुलाकात की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। एप्पल ने एक कार्यक्रम में अगली पीढ़ी के आईफ़ोन्स को पेश किया। इसी दौरान सिंधु की कुक से मुलाकात हुई। सिंधु ने इंस्टाग्राम पर एप्पल प्रमुख के साथ एक सेल्फी भी साझा की और इस पल को अविस्मरणीय करार दिया और कुक के अगले भारत दौरे पर उनके साथ बैडमिंटन खेलने का प्रस्ताव भी रखा। सिंधु ने सोशल मीडिया पर लिखा , एप्पल मुख्यालय में मुख्य भाषण के दिन टिम कुक से मुलाकात एक अविस्मरणीय क्षण! मेरे साथ आने के लिए धन्यवाद, टिम। आश्चर्यजनक एप्पल पार्क देखना और आपसे मिलना खुशी की बात थी! सिंधु ने इसके साथ ही लिखा, जब आप अगली बार भारत आएंगे तो मैं आपका बैडमिंटन खेलने का प्रस्ताव खुशी-खुशी स्वीकार करूंगी। वहीं एक अलग पोस्ट में, सिंधु ने कुक के साथ अपनी बातचीत की तस्वीरें साझा कीं और इसके लिए कुक को धन्यवाद भी दिया।

# आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे शुभमन, आजम पहले नंबर पर कायम

### विराट और रोहित शीर्ष दस में शामिल

**दुबई ।**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एकदिवसीय रैंकिंग में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा शीर्ष दस में शामिल हो गये हैं। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (759 अंक) के साथ ही दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। यह उनके अब तक के करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अब शुभमन से आगे केवल 863 अंक लेकर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ही हैं। शुभमन को एशिया कप में दो अर्धशतक लगाने का लाभ मिला है। भारत के तीन खिलाड़ियों ने रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। जनवरी 2019 के बाद ऐसा पहली बार हुआ। कप्तान रोहित और विराट को दो-दो स्थान का लाभ हुआ है और वह आठवें और नौवें स्थान पर आ गये हैं। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ अर्धशतक भी बनाया जबकि विराट पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन की बदौलत रैंकिंग में आगे बढ़े हैं।



वहीं केएल राहुल और ईशान किशन दो स्थान के लाभ के साथ ही 22वें स्थान पर आ गये हैं। एशिया कप के दो मैचों में नौ विकेट लेने के बाद स्पिनर कुलदीप यादव पांच स्थान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी एकदिवसीय में वापसी करते हुए आठ स्थान ऊपर 27वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाज़ों की रैंकिंग में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 21 स्थान आगे आकर 56वें) और ऑलराउंडरों में भी चार स्थान ऊपर छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग के शीर्ष 10 में पाकिस्तान के भी तीन बल्लेबाज हैं। जिसमें पाक कप्तान बाबर आजम नंबर एक पर हैं वह शुभमन पर 100 से अधिक रेटिंग अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं।पाक के ही इमाम-उल-हक और फखर जमान पांचवें और दसवें स्थान पर हैं।

दक्षिण अफ्रीका में कप्तान तेम्बा बावुमा अपने पिछले आठ वनडे मैचों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाकर शीर्ष 10 के करीब पहुंच गए हैं। वह 21 स्थान आगे बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं

## संक्षिप्त समाचार



### अर्जेंटीना ने बोलीविया को 3-0 से हराया

**लापाज ।** अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप 2026 के दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग मैच में बोलीविया को 3-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना की यह लगातार दूसरी जीत है। बोलिविया के खिलाफ मुकाबले में कप्तान लियोनन मेसी शामिल नहीं हुए। ऐमें में अनुभवी एंजेल डि मारिया ने टीम की कमान संभाली। इस मैच में अर्जेंटीना ने पहले हाफ में दो गोल करके अपनी जीत पक्की कर दी थी। मेसी थकान के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए। कप्तानी संभाल रहे डि मारिया के पास पर एंज़ो फर्नांडीज ने 31वें मिनट में पहला गोल दागा। वहीं निकोलस टैग्लियाफिको ने 42वें मिनट में दूसरा और निको गोंजालेज ने 83वें मिनट में तीसरा गोल करके अर्जेंटीना को अजेय बढ़त दिला दी। वहीं उरूग्वे की टीम इक्वाडोर से 2-1 से हार गई। इस जीत के बावजूद इक्वाडोर को लाभ नहीं हुआ और उसके शून्य अंक ही हैं क्योंकि कोलंबियाई मूल के डिफेंडर बायरन कैस्टिलो की जन्म संबंधी जानकारी में गड़बड़ी पायी गयी थी। इस कारा फीफा ने टीम पर तीन अंक का जुर्माना लगाया।

### हालेप पर डोपिंग के मामले में चार साल का प्रतिबंध

#### टेनिस खिलाड़ी ने आरोपों को गलत बताया

**लंदन ।** रोमानिया की महिला टेनिस स्टार सिमोना हालेप को दो अलग-अलग डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन का दोषी पाये जाने पर चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। हालेप के खिलाफ ये फैसला अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने सुनाया। आईटीआईए ने कहा कि हालेप के नमूने में डोपिंग रोधी सामग्री की मात्रा बहुत अधिक है। उसके शरीर में पाया जाने वाला पदार्थ किसी दूषित पूरक से नहीं आ सकता। इस ट्रिब्यूनल ने हालेप के इस तर्क को स्वीकार कर लिया कि उन्होंने एक दूषित पूरक लिया था, लेकिन यह निर्धारित किया कि खिलाड़ी द्वारा ली गई मात्रा के परिणामस्वरूप सकारात्मक नमूने में रॉक्सडस्टैट की सांद्रता नहीं पाई गई। आईटीआईए ने एक बयान में कहा, दूसरा आरोप हालेप के एथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट (एबीपी) में अनियमितताओं से संबंधित है। इसके बाद उन्हें पिछले साल यूएस ओपन में प्रतिबंधित रक्त-बूस्टर रॉक्सडस्टैट के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद अक्टूबर 2022 से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था। उनका निलंबन 6 अक्टूबर, 2026 तक रहेगा। दूसरी ओर हालेप ने डोपिंग के सभी आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह इसके खिलाफ खेल की सर्वोच्च अदालत, कोर्ट ऑफ़ आर्बिट्रेशन (सीएएस) में अपील करेंगी। उन्होंने कहा कि उनके पास यह दिखाने के लिए सबूत हैं कि एनीमिया की दवा की एक छोटी मात्रा एक लाइसेंस प्राप्त पूरक से उनके सिस्टम में प्रवेश कर गई थी जो दूषित थी। हालेप ने एक बयान में कहा, मैं इन झूठे आरोपों से अपना नाम हटाने और अदालत में वापसी के लिए प्रशिक्षण जारी रख रही हूं और अपनी शक्ति में सब कुछ कर रही हूं। मैं इस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट न्यायालय में अपील करना चाहती हूं और संबंधित पूरक कंपनी के खिलाफ सभी कानूनी उपाय करना चाहती हूं।

# तिलक एशियाई खेलों की टीम से बाहर हुए, विश्वकप में मिल सकता है अवसर

**मुम्बई ।**

युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को आगामी एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट 2023 के लिए शामिल किया जा सकता है। इसके संकेत इस बात से मिले हैं क्योंकि अब उन्हें एशियाई खेलों के लिए चीन नहीं भेजा जा रहा। वहीं पहले तिलक को एशियाई खेलों के लिए ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में घोषित टीम में शामिल किया गया था। इससे माना जा रहा है कि तिलक को आगामी विश्व कप के लिए रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल किया जा सकता है। माना जा रहा है कि वह श्रेयस अय्यर के कवर के तौर पर रखे जाएंगे। अय्यर लगातार पीठ की जकड़ने से जूझ रहे हैं जिससे उनका खेलना संदिग्ध नजर आ रहा है। विश्व कप 2023 के लिए टीम में शामिल नहीं होने के बाद भी संजू सैमसन, प्रसिद्ध कृष्णा और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी रिजर्व के तौर पर रखे गये हैं। वहीं तिलक शुरूआत में विश्व कप 2023 टीम का हिस्सा नहीं थे पर हालात बदलने से उन्हें शामिल किया जा सकता है। वेस्टइंडीज में अपने पदार्पण के बाद से तिलक ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया था। उन्होंने केवल सात मैचों में उन्होंने एक अर्धशतक बनाया और



138.09 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए थे।

गौरतलब है कि 3 अक्टूबर से एशियाई खेल 2023 होने हैं। भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में भाग लेने के लिए तैयारी कर रही है। क्वार्टर फाइनल में जीत उन्हें 5 अक्टूबर को सेमीफाइनल में पहुंचाएगी और 7 अक्टूबर को संभावित स्वर्ण पदक मैच होगा। वहीं, विश्व कप पांच अक्टूबर से शुरु होगा।



## रोहित ने ऑलराउंडर पांड्या की जमकर प्रशंसा की

**कोलंबो ।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप के सुपर फोर में मिली जीत के बाद ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा की है। पांड्या को लेकर रोहित ने कहा कि उसने पिछले कुछ साल में अपनी गेंदबाजी में लगातार कड़ी मेहनत की है। यह रातोरात नहीं होता और यह देखना सुखद है। ऐसा लग रहा था जैसे वह हर गेंद पर विकेट ले रहे हों। वहीं, छोटा टारगेट बचाने पर रोहित ने कहा कि यह कभी भी आसान नहीं होता। मैच के अंत में पिच आसान हो गई थी। लेकिन मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं मैच में सबसे अधिक विकेट लेने वाले स्पिनर कुलदीप यादव के प्रदर्शन पर रोहित ने कहा कि पिछले एक साल से वह वास्तव में बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहा है। उन्होंने अपनी लय पर काफी मेहनत की है। उसकी गेंद अच्छी तरह से बाहर आ रही है और आप पिछले 10 एकदिवसीय मैचों में परिणाम देख सकते हैं। मैच की बात करें तो भारतीय टीम पहले खेलते हुए श्रीलंकाई स्पिनरों के आगे 213 रन ही बना पाई थी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 172 रन पर ही सिमट गयी।

## नीदरलैंड की अदालत ने पाक के एक पूर्व क्रिकेटर को जेल की सजा सुनाई



**लाहौर ।** नीदरलैंड की एक अदालत ने एक सांसद को धमकी देने के मामले में पाकिस्तान के एक पूर्व क्रिकेटर को 12 साल जेल की सजा सुनाई है। आरोपी पाक किकेटर खालिद लतीफ ने सांसद गीर्ट वाइल्डर्स को जान से मारने की धमकी दी थी। खालिद अभी पाकिस्तान में रहता है और वह मुकदमे में शामिल नहीं हुआ। अदालत ने खालिद के कार्यों को गीर्ट वाइल्डर्स के खिलाफ हत्या, राजद्रोह और धमकी के लिए उकसाना माना है। साल 2018 में खालिद ने वाइल्डर्स की हत्या के लिए इनाम की पेशकश करते हुए एक वीडियो भी जारी किया था। गौरतलब है कि 37 साल के खालिद लतीफ को स्पॉट फिक्सिंग घोटाले में शामिल होने के कारण साल 2017 में क्रिकेट से 5 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# रोहित के पास धोनी के दो रिकार्ड तोड़ने का अवसर

**कोलंबो ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा आने वाले दिनों में पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के दो बड़े रिकार्ड तोड़ सकते हैं। इसके अलावा उनके पास नंबर एक कप्तान बनने का भी अच्छा अवसर है। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम एशिया कप के फाइनल में पहुंच गयी हैं। ऐसे में रोहित यदि टूर्नामेंट के अगले दोनों मैच जीतने में सफल रहे, तो एकदिवसीय एशिया कप में 10 मैच जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान बन जाएंगे। अभी यह रिकॉर्ड धोनी के नाम है। उन्होंने बतौर कप्तान सबसे अधिक 9 मैच जीते हैं। भारत ने अब तक 6 बार वनडे एशिया कप का खिताब जीता है। धोनी और रोहित ने एक-एक बार टीम को चैंपियन बनाया है। वहीं इस बार यदि भारतीय टीम जीतती है तो वह धोनी को पीछे छोड़ देंगे। टीम इंडिया यदि 15 सितंबर को बांग्लदेश और उसके बाद फाइनल खेलेगी जिसमें जीत के साथ ही रोहित रिकार्ड बना देंगे। रोहित कप्तान के तौर पर एकदिवसीय एशिया कप में अब तक एक भी मुकाबला नहीं हारे हैं और एक ट्रॉफी भी जीती हैं। रोहित ने एकदिवसीय एशिया कप में अब तक 9 मैच में कप्तानी की है और 8 में जीत हासिल की है। एक मैच का परिणाम नहीं आया। इस दौरान भारतीय टीम ने 5 देशों हॉन्गकॉन्ग, बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ मैच खेला पर कोई भी टीम रोहित की टीम को हरा नहीं पायी। भारतीय टीम अगर 15



सितंबर को बांग्लदेश को हराने के बाद एशिया कप का खिताब जीतन में सफल रही, तो रोहित के नाम दो बड़े रिकॉर्ड हो जाएंगे।

## कुलदीप को बल्लेबाज को लेकर केवल संकेत दिया था : राहुल




**कोलंबो ।** भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने एशिया कप में वापसी के बाद से ही काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। श्रीलंका के खिलाफ सुपर फोर के मैच में जीत के बाद राहुल ने कहा कि जब मैं टीम के लिए योगदान देता हूं तो हमेशा खुश रहता हूं। ऐसे मैच में जब आप मध्य क्रम में बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो साझेदारी बनाना अहम हो जाता है। हमने ऐसा किया। मैंने 4-5 महीने से ज्यादा क्रिकेट नहीं खेली थी इसलिए ईशान किशन के साथ हुई साझेदारी काफी महत्वपूर्ण रही। वहीं, श्रीलंका की स्पिन गेंदबाजी पर राहुल ने कहा कि गेंद थोड़ा सा स्पिन हो रही थी लेकिन इसने हम पर रोक लगा दी। हम 20-30 रन कम थे। कुछ और साझेदारियां होती तो हम 230-240 तक पहुंच सकते थे। वहीं समरविक्रमा की विकेट लेने से पहले स्पिनर कुलदीप के साथ हुई बातचीत पर राहुल ने कहा कि जब आप स्टंप के पीछे होते हैं, तो आपको इस बात का अच्छा अंदाजा होता है कि बल्लेबाज क्या कर रहा है और मैंने केवल संकेत दिया, यह किस्मत से कुलदीप के लिए काम कर गया। कुलदीप ने इस मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 43 रन देकर 4 विकेट लिए थे।




# इन देशों में सुरक्षा की नहीं होगी चिंता, बेफिक्र होकर बनाएं घूमने का प्लान

कई लोग विदेश घूमने की इच्छा रखते हैं। विदेश घूमने के लिहाज से अधिकतर देश शानदार हैं। हालांकि विदेशों की खूबसूरती किसी भी टूरिस्ट के मन को आसानी से भा सकती है। लेकिन जब भी विदेश घूमने की बात आती है तो सबसे पहले हमारे दिमाग में यह आता है कि क्या वह जगह सुरक्षा के लिहाज से सही है। क्योंकि सेफ्टी हमारी फर्स्ट प्रायॉरिटी होती है। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको कुछ ऐसे देशों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आपको सुरक्षा की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी। आइए जानते हैं कि वह कौन-कौन से देश हैं, जहां पर आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं।

### आइसलैंड

आइसलैंड की आबादी 3,72,295 है। ग्लोबल पीस इंडेक्स के अनुसार, यह दुनिया का सबसे सुरक्षित देश हैं। बता दें कि यहां पर क्राइम रेट काफी कम है। इसके साथ ही यह हाई-सिक्योरिटी वाला देश भी है। सभी तरह के अपराधों के प्रति यहां के नागरिकों का एक मजबूत सामाजिक दृष्टिकोण है। यह देश धार्मिक स्वतंत्रता देने के साथ ही महिलाओम और पुरुषों को समान अधिकार देता है। अगर आप भी विदेश घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आइसलैंड सुरक्षित देश है।

### न्यूजीलैंड

आपको बता दें कि न्यूजीलैंड की जनसंख्या 5,124,100 के आसपास है। यह देश भी घूमने और रहने के लिहाज से सुरक्षित है। यहां पर आप बेफिक्र होकर घूम सकते हैं। न्यूजीलैंड का भी क्राइम रेट कम है। हालांकि साल 2019 में क्राइस्टचर्च की दो मस्जिदों पर हुए आतंकवादी हमले के कारण यहां का क्राइम स्कोर थोड़ा कम हो गया है। यह पर आप सुरक्षा का अंदाजा इस बात से लगा सकते हैं कि न्यूजीलैंड में शांति वाले इलाके में पुलिस अपने पास हथियार भी नहीं रखती है।

### पुर्तगाल

साल 2014 के अनुसार, पुर्तगाल दुनिया का 18वां सबसे सुरक्षित देश है। ऐसे में आप बिना सुरक्षा की चिंता किए बगैर यहां पर घूम सकते हैं। 10,270,865 के करीब आबादी वाला यह देश विभिन्न कारणों से सबसे सुरक्षित देशों में शीर्ष 5वां स्थान अर्जित किया है। बता दें कि आर्थिक विकास के कारण इस देश की बेरोजगारी दर 17 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक कम हो गई है।

### आस्ट्रिया

26,177,413 के करीब जनसंख्या वाला देश आस्ट्रिया भी सुरक्षित देशों की गिनती में आता है। यहां पर भी अपराध दर काफी कम है। लेकिन यहां पर घूमने आने वाले टूरिस्टों और यहां पर रहने वाले स्थानीय निवासियों को जेबकतरों और पर्स-स्नैचर्स आदि घटनाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए अगर आप भी यहां पर घूमने आना चाहते हैं तो



आपको जेबकतरों से सावधान रहने की जरूरत होगी।

### डेनमार्क

डेनमार्क 5,896,026 आबादी वाला देश है। बता दें कि ग्लोबल पीस इंडेक्स के अनुसार, यह दुनिया का 5वां सबसे सुरक्षित देश है। इस देश में अच्छी शिक्षा, अच्छा रोजगार और कम भ्रष्टाचार होने के साथ ही कुशल सुरक्षाबन मिलेगा। इसके अलावा यहां की हेल्थ सुविधाएं भी काफी बेहतर हैं। इस देश में लोग आरामदायक तरीके से अपनी जीवन व्यतीत करते हैं।

### कनाडा

कनाडा की कुल आबादी 37,742,154 के करीब है। आबादी के लिहाज से कनाडा काफी छोटा देश है। यहां का अधिकतर हिस्सा बंजर जंगल है और यह बंजर जंगल हजारों मीलों तक फैला हुआ है। लेकिन घूमने के लिहाज से यह काफी सुरक्षित देश है। इस देश का अपराध दर भी काफी कम है।

### सिंगापुर

सिंगापुर 59,43,546 के करीब आबादी वाला है। सिंगापुर में छोटी-मोटी चोरी और अन्य अपराधों के खिलाफ कुछ सख्त कानून हैं। जिसके कारण इसकी गिनती दुनिया के सुरक्षित देशों में होती है। हालांकि सिंगापुर को शहर-राज्य के रूप में परिभाषित किया गया है। इसलिए ऐसा कहा जा सकता है कि यह दुनिया के दूसरे नंबर का सबसे सुरक्षित राज्य है।

### जापान

जापान की जनसंख्या 125.93 मिलियन के आसपास है। सुरक्षा के लिहाज से यह सबसे सुरक्षित देश है। चीन और उत्तर कोरिया के करीब होने के बाद भी जापान एशियाई महाद्वीप का एक सुरक्षित और आर्थिक रूप से स्थिर देश है। वैश्विक शांति सूचकांक में जापान हमेशा हाई स्कोर हासिल करता है।


### चेक गणराज्य

चेक गणराज्य की आबादी 10,512,397 के करीब है। यहां पर हर वर्ष अपराध दर घटता प्रतीत होता है। यूरोप के अन्य देशों की तुलना में चेक गणराज्य सुरक्षित देशों में से एक है। यहां पर आप सुरक्षा की परवाह किए बिना आराम से घूम-फिर सकते हैं।

### स्विट्जरलैंड

स्विट्जरलैंड घूमने के लिए हर साल लाखों टूरिस्ट वहां पहुंचते हैं। बता दें कि यहां की आबादी 8.6 मिलियन के आसपास है। रहने और घूमने के लिहाज से यह देश सबसे ज्यादा बेस्ट है। फूड सिक्योरिटी के मामले में भी स्विट्जरलैंड दुनिया भर में चौथे स्थान पर है।

# इन टिप्स को फॉलो कर हॉलिडे को बनाएं शानदार, ऐसे करें पैसों की बचत



कई लोगों को घूमना काफी पसंद होता है। कई बार लगातार ट्रैवल करने के बाद भी छकान नहीं होती है। लेकिन घूमने के लिए पैसों की भी जरूरत होती है। ऐसे में सेविंग्स का होना जरूरी होता है। घूमने के दौरान कई बार ज्यादा पैसा खर्चा हो जाता है। लेकिन अगर आप स्मार्ट तरीके से घूमने की प्लानिंग करें तो आप पैसों की बचत कर सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ट्रैवल के कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप ट्रैवल भी कर लेंगे और पैसों की सेविंग भी कर लेंगे।

### हॉलिडे की योजना

अगर आप भी छुट्टी पर जाने की सोच रहे हैं। तो सबसे पहले यह डिसाइड करें की आप रिलैक्सिंग हॉलिडे के लिए समुद्र तट पर चाहते हैं या एडवेंचर्स करना चाहते हैं। जब आपको यह पता होता है कि आप घूमने के लिए कहां जाने वाले हैं तो वहां होने वाले खर्चे और यात्रा कार्यक्रम की योजना पहले से बना लें। इस दौरान आपके लिए रियलिस्टिक बजट बनाना आसान हो जाएगा।

### रियलिस्टिक बजट

घूमने जाने की शुरूआत हॉलिडे रीयलिस्टिक बजट तय करने से शुरू होती है। आप कहीं भी घूमने जा रहे हों। कोई भी स्मार्ट ट्रैवलर यह बात काफी अच्छे से जानता है कि शानदार छुट्टियां बिताने के लिए एक रियलिस्टिक बजट की जरूरत होती है। जिसे आप आसानी से पहले ही बना सकते हैं।

### ट्रैवल और खरीदारी

घूमने जाने के दौरान बुकिंग या खरीदारी पर कैशबैक कमा सकते हैं। इससे आपकी ट्रैवलिंग आसान हो जाती है। कई बार खरीददारी करने पर या बुकिंग करने के दौरान आपको कैशबैक मिलता है। इसलिए हमेशा इस ऑप्शन को ओपेन रखना चाहिए।

### ऑफ सीजन में यात्रा

इस सीक्रेट को सभी स्मार्ट ट्रैवलर्स अपनाते हैं। अधिकतर ट्रैवल करने वाले ऑफ सीजन में यात्रा कर बड़ी बचत करते हैं। इस दौरान उनका ज्यादा खर्च नहीं होता है। क्योंकि वह ऑफ-पीक हॉलिडे सीजन में ट्रैवल करते हैं। ऑफ सीजन में ट्रैवल करने से फ्लाइट्स, होटल आदि सस्ते और आसानी से मिल जाते हैं।

### फ्लाइट्स चुनते समय फ्लेक्सिबल

पर्यटकों की आवाजाही सप्ताह के कुछ दिनों में कम होती है। इस समय यात्रा करने पर आपको सस्ती उड़ान भरने का मौका मिल सकता है। फ्लाइट की कीमत के आधार पर आप अपनी छुट्टियों को प्लान कर सकते हैं। इससे भी आप अच्छी खासी सेविंग कर लेंगे।

### हॉस्पिटैलिटी कंपनी

आपको बता दें कि अपने नियमित ग्राहकों के लिए कई प्रमुख होटल चेंस और एयरलाइंस बहुत कम या बिना किसी एडिशनल कॉस्ट के लॉयल्टी प्रोग्राम्स पेश करती हैं। इस दौरान आपको होटल चेंस और एयरलाइंस के जरिए स्पेशल ट्रीटमेंट मिलता है।

### क्रेडिट/डेबिट कार्ड

क्रेडिट या डेबिट कार्ड रिवार्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। यह पॉइंट अर्जित करने का एक क्विक और आसान तरीका है। जिसके बदले कई प्रमुख बैंक गिफ्ट्स और सर्विस के बदले में आपको रिवार्ड पॉइंट प्रदान करते हैं। जिन्हें किसी भी समय रिडीम किया जा सकता है।

### सस्ता विकल्प खोजें

अगर आपके पास पर्याप्त समय है तो आप उन विकल्पों को पता करें। जिनमें यात्रा सस्ती होने के साथ ही आने-जाने से लेकर रहने तक हर चीज के लिए काफी सारे विकल्प होते हैं। इस दौरान हॉलिडे प्लान करने के दौरान शानदार अनुभवों के लिए फ्लाइट्स के स्थान पर ट्रेनों की खोज करें।



# सिक्किम घूमने का बना रहे हैं प्लान तो... इन खूबसूरत जगहों को करें एक्सप्लोर, जन्नत में आने का होगा एहसास

**देश** की टॉप ट्रैवल डेस्टिनेशन्स में नॉर्थ ईस्ट के कई राज्यों का नाम गिना जाता है। नॉर्थ ईस्ट की ट्रिप प्लान करने वाले अधिकतर लोग सिक्किम घूमना नहीं भूलते हैं। वैसे तो सिकिम्म में घूमने के लिए कई खूबसूरत जगहें हैं। ऐसे में अगर आप भी सिक्किम घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन जगहों को एक्सप्लोर करना न भूलें। इन खूबसूरत जगहों पर घूमने के बाद आपका वापस आने का दिल नहीं करेगा। हिमालय की गोद में बसा सिक्किम भले ही एक छोटा सा राज्य है। लेकिन यहां की खूबसूरत वादियों से लेकर नेचर की खूबसूरती आपका मन मोह लेगी। आज इस आर्टिकल के माध्यम से हम आपको सिक्किम की कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं उन जगहों के बारे में...

### त्सोमगो झील की सैर

अगर आप सिक्किम में किसी रोमांटिक जगह पर घूमना चाहते हैं तो त्सोमगो लेक आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। त्सोमगो लेक सिक्किम की राजधानी गंगटोक से महज 40 किलोमीटर दूर है। यह लेक 12,400 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस लेक को चांगु झील के नाम से भी जाना जाता है। बता दें कि सर्दियों में यह लेक पूरी तरह से जम जाती है। वहीं बसंत ऋतु के मौके पर इस लेक की सुंदरता कई खूबसूरत फूलों से खिल उठती है।



### जुलुक का दीदार

जुलुक का दीदार करने के लिए सिक्किम की राजधानी गंगटोक से लगभग 3 घंटे का सफर तय करना होता है। इस दौरान रास्ते में 32 हेयरपिन मोड़ आपकी यात्रा को अधिक शानदार बना सकते हैं। वैसे तो जुलुक सिक्किम का एक छोटा सा और काफी खूबसूरत गांव है। लेकिन यहां से 11 फीट की ऊंचाई पर स्थित थुंबी व्यू प्वाइंट कंचनजंघा चोटी अपने खूबसूरत नजारों के लिए फेमस है। जुलुक की ट्रिप के दौरान कपुप लेक या हाथी झील का भी दीदार कर सकते हैं।

### पेलिंग की ट्रिप

गंगटोक से लगभग 140 किलोमीटर की दूरी पर स्थित पेलिंग भी घूमने के लिए बेस्ट जगह है। यह जगह रोमांच के लिए फेमस है। पेलिंग का सफर एडवेंचर लवर्स के लिए बेस्ट हो सकता है। यहां पर एडवेंचर के शौकीन लोग रॉक क्लाइंबिग, ट्रेकिंग, कयाकिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग जैसी कई एक्टिविटी कर सकते हैं। इसके अलावा सांगचोएलिंग मठ रिम्बी वॉटरफॉल स्काई वॉक और सेवारो रॉक गार्डन का दीदार कर अपने सफर को शानदार और रोमांचक बना सकते हैं।

### रंवगला

रंवगला सिक्किम का खूबसूरत हिल स्टेशन है। यह समुद्र तल से लगभग 8000 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। हिमालय पर्वतों से घिरा रंवगला मैनम और तेंडोंग हिल्स टॉप पर मौजूद है। बता दें कि रंवगला गंगटोक से लगभग 63 किलोमीटर की दूर स्थित है। नेचर लवर्स के लिए रंवगला की सैर बेस्ट हो सकती है। यहां से आप ग्रेटर हिमालय के मनमोहक नजारों को बेहद नजदीक से देख सकते हैं।

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## गहरी नींद में थे लोग, तभी लगी आग....50 लोगों की मौत

हनोई । वियतनाम की राजधानी हनोई के एक अपार्टमेंट में आग लगने से 50 लोगों की मौत हुई। नौ मंजिला अपार्टमेंट टावर में आग लगी। मीडिया ने बताया कि रात करीब साढ़े 11 बजे जब आग लगी, उस वक्?त ज्?यादातर लोग घर में ही थे। आग पर काबू पाना बहुत कठिन था, क्?योंकि टावर एक संकरी गली में बना हुआ है। दमकल की गाड़ियों को 300 से 400 मीटर या 985 से 1,315 फीट दूर पार्क कर बचाव अभियान चलाना पड़ा। इमारत में 45 परिवार रहते हैं। मीडिया के मुताबिक, इमारत से निकाले गए 70 में से 54 लोगों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पर्यावरण कार्यकर्ताओं के लिए नरक बना हुआ हैं ये देश

लंदन । पर्यावरण की सुरक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि जब तक पर्यावरण संरक्षित है, तब तक पृथ्वी पर जीवन की कल्पना नहीं हो सकती है। इस बीच कुछ लोग हैं, जो पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक मिशन के तौर पर काम कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में दुनिया भर में 177 पर्यावरण कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। इनमें से सर्वाधिक एक तिहाई हत्याएं कोलंबिया में हुई। इस लैटिन अमेरिकी देश में बीते साल सर्वाधिक 60 हत्याएं हुई। कोलंबिया में साल 2021 में पर्यावरण संरक्षकों की हत्या करने की कुल 33 वारदातें सामने आई थी, जो 2022 में बढ़कर करीब दोगुनी हो गई। रिपोर्ट में दावा किया गया कि इन मामलों से जुड़े बेहद कम इसतरह के अपराधी हैं, जिन्हें सजा मिल सकी। साल 2012 से पर्यावरण कार्यकताओं के संरक्षण के रिकॉर्ड को मेंटेन किया जा रहा है। तब से लेकर अबतक कोलंबिया में कुल 382 पर्यावरण के संरक्षण में लगे लोगों की हत्या की जा चुकी है। अमेजन के इन जंगलों में आवाज उठाने वाले स्वदेशी लोगों, छोटे किसान और अफ्रीकी-वंशज समुदाय के सदस्यों को भी निशाना बनाया गया है। कोलंबिया में जिस किसी ने भी पर्यावरण संरक्षण की आवाज उठाई, उस आवाज को कुचलने का प्रयास हुआ। केवल कोलंबिया ही नहीं बीते साल पड़ोसी राज्य ब्राजील में 34, मैक्सिको में 31 और होंडुरस में 11 पर्यावरण कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतारा गया। रिपोर्ट में दावा किया गया कि कोलंबिया के उपराष्ट्रपति और 2018 में प्रतिष्ठित गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार की विजेता फ्रांसिया मार्केज को कई मौकों पर जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

## भारत की कूटनीति बनी मिसाल, सर्गेई के साथ मोदी की फोटो हुई वायरल

मास्को। जी20 में भारत ने अपनी कूटनीतिक का लोहा दुनिया को मनवा ?दिया है। उसी कूटनीति के जरिए अपने सबसे सदाबहार दोस्त रूस को भी भारत ने खुश कर दिया। इन दिनों जी20 के दौरान की एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसकी चर्चा भारत से ज्यादा रूस में हो रही है। इस तस्वीर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खिलखिला रहे हैं और उन्होंने जिस शख्स का हाथ मजबूती से पकड़ रखा है वो रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव हैं। सोशल मीडिया में लोगों में उत्सुकता है कि आखिर दोनों नेताओं में ऐसी क्या बात हुई होगी कि पीएम मोदी ठहाका लगाकर हंसने लगे। जी20 के साझा घोषणापत्र में यूक्रेन युद्ध के जिक्र के बावजूद रूस के विदेश मंत्री न केवल बैठक से खुश थे बल्कि जी20 के साझा घोषणापत्र से भी संतुष्ट थे। अमेरिका और पश्चिमी देशों को खुश करने के लिए जी20 के साझा घोषणापत्र में भले ही यूक्रेन युद्ध का जिक्र किया गया था। लेकिन बड़े ही कूटनीतिक तरीके से उस साझा घोषणापत्र में रूस का नाम नहीं था। गौरतलब है कि साझा घोषणापत्र में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की जगह यूक्रेन में युद्ध लिखा गया था। रूस के राष्ट्रपति पुतिन भले ही भारत नहीं आए। लेकिन दोस्त पीएम मोदी ने दिल्ली में बैठे-बैठे पुतिन को राहत दे दी। अब रूस की मीडिया ने भी भारत की जी20 की खुलकर तारीफ की है। रूस की सरकारी मीडिया एजेंसी ने कहा कि जी20 का शानदार आयोजन किया गया। इसका यूक्रेनीकरण नहीं होने दिया गया। भारत और रूस एक दूसरे के स्वाभाविक दोस्त हैं। इतिहास में कई ऐसे मौके रहे जब पश्चिमी देश भारत के खिलाफ थे तब रूस भारत के साथ खड़ा था।

## पोलैंड स्वतंत्र रूप से यूक्रेनी अनाज पर प्रतिबंध लगाएगा

वारसॉ । पोलैंड यूक्रेन से अनाज के आयात पर प्रतिबंध जारी रखेगा भले ही यूरोपीय संघ अपने प्रतिबंध को 15 सितंबर से आगे न बढ़ाये। प्रधानमंत्री माट्यूज़ मोराविकी के कार्यालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। सरकार यूक्रेन से अनाज आयात पर प्रतिबंध को 15 सितंबर 2023 के बाद बढ़ाने के लिए यूरोपीय आयोग से आग्रह करती है अन्यथा पोलैंड स्वतंत्र रूप से राष्ट्रीय स्तर पर इस तरह का प्रतिबंध लगाएगा। इस तरह का प्रतिबंध गेहूं, मक्का, रेपसीड और सूरजमुखी के बीज के आयात से संबंधित है। मई में यूरोपीय आयोग ने यूक्रेन से पोलैंड और चार अन्य यूरोपीय देशों को अनाज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। प्रतिबंध 15 सितंबर को समाप्त होने वाले है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि पोलिश सरकार ऐसी स्थिति को स्वीकार नहीं करती है जिसमें पोलिश बाजार यूक्रेनी अनाज से अस्थिर हो।

## मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2901 हुई, 5530 लोग घायल

रबात । मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2901 हो गई है और 5530 लोग घायल हुए हैं। यह 60 सालों में देश का सबसे विनाशकारी भूकंप है। सबसे अधिक प्रभावित गांवों में से एक एटलस माउंटेन के उर्गेन में मीडिया ने देखा कि सभी घर ढह गए हैं और बचाव दल मलबे को हटाने के लिए एक्सकवेटर का उपयोग कर रहे हैं। अधिकांश लोगों ने गांव छोड़ दिया है। मोरक्को ने स्पेन, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात और कतर से मदद स्वीकार कर ली है। आईएफआरसी ने मंगलवार को पीड़ितों के समर्थन के लिए 100 मिलियन स्विस फ़्रैंक की आपातकालीन अपील की। आईएफआरसी के संचालन के वैश्विक निदेशक कैरोलिन होल्ट ने जिनेवा में कहा कि इस समय सबसे बड़ी जरूरतें पानी, स्वच्छता और आश्रय हैं। उन्होंने कहा कि अब हम आपदा की दूसरी लहर से बचें। प्रभावित पर्वतीय क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए बचाव और राहत प्रयास चल रहे हैं। हालांकि गैसोलीन और कवर की आपूर्ति में अभी भी कमी है। गौरतलब है कि 8 सितंबर को रात 11.11 बजे मराकेश के दक्षिण में हाई एटलस माउंटेन पर 18.5 किमी की गहराई पर 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था।

## सूअरों में मानव किडनी विकसित करने में मिली सफलता

### -चिकित्सा क्षेत्र में चीनी वैज्ञानिकों का कमाल

बीजिंग । मानव चिकित्सा के इतिहास में पहली बार चीन के वैज्ञानिकों ने सूअरों में मानव किडनी विकसित करने में सफलता पाई है। चीन के गुआंगज़ौ इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ के वैज्ञानिकों को इस खोज का श्रेय जाता है। वैज्ञानिकों ने शोध में बताया कि, सूअरों में मानवीकृत किडनी विकसित की है। इनमें मानव कोशिकाएं होती हैं। ये खोज आने वाले दिनों में अंग दान की कमी को पूरा कर सकती है। इस प्रयोग में मानव और सूअर की कोशिकाओं का संयोजन कर मानव-सूअर काइमेरिक भ्रूण बनाकर सरोगेट मादा सूअरों में ट्रांसफर किया जाता था।हालांकि, वैज्ञानिकों ने बताया कि अभी इन किडनियों का प्रयोग मानव में ट्रांसप्लांट के लिए नहीं किया जा सकता है। क्योंकि, ज्यादातर विकसित किडनियों में सूअरों की वाहिकाएं और तंत्रिकाएं थीं। हालांकि, उन्होंने एक और भी महत्वपूर्ण बात बताई, 'अभी तक ये स्पष्ट नहीं हुआ है कि वर्तमान आनुवंशिक इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी से कोई मानव अंग बनाया जा सकता है या नहीं।' 'गुआंगज़ौ इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ' के शोधकर्ताओं ने बताया, 'उनका ध्यान पूरी तरह से किडनी को विकसित करने पर था। ये मानव चिकित्सा में सबसे अधिक ट्रांसप्लांट होने वाला अंग है। चीनी अकादमी के विज्ञान और वुयी विश्वविद्यालय के गुआंगज़ौ इंस्टीट्यूट ऑफ बायोमेडिसिन एंड हेल्थ के वरिष्ठ लेखक लियांगक्सू लाई ने बताया, 'पूर्व में सूअरों में मानव अंगों को विकसित करने के कई प्रयास असफल रहे थे।' वैज्ञानिकों ने बताया, 'हमारा एप्रोच था कि सूअरों में मानव किडनी को विकसित किया जाए। इसके लिए हमें प्राप्तकर्ता (सूअरों) में मानव कोशिकाओं को सही तरीके से पहुंचाना था।' ये वैज्ञानिक समूह बधाई के लिए इसलिए भी पात्र हैं क्योंकि पूर्व में सूअरों में मानव किडनियों को विकसित करने के कई प्रयास असफल रहे हैं।'



रुस के अमूर क्षेत्र में राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिले दक्षिण कोरियाई शीर्ष नेता किम जोंग उन।

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने किम जोंग उन से मुलाकात की

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से मुलाकात की। यह मुलाकात दिखाती है कि अमेरिका के साथ जारी टकराव के बीच दोनों नेताओं के हित कैसे एक हो रहे हैं। रुसी मीडिया ने बताया कि किम प्योंगयांग से अत्याधुनिक सुविधाओं और भारी हथियारों से लैस ट्रेन से लाई गई लिमोजीन से वोस्तोचनी कॉस्मोड्रोम पहुंचे। कॉस्मोड्रोम में मौजूद पुतिन ने किम का स्वागत कर उनसे हाथ मिलाया और कहा कि उन्हें किम को देखकर बहुत खुशी हो रही है। रूस की सरकारी मीडिया ने बताया कि किम ने 'व्यस्तता के बावजूद' उन्हें रूस आने का निमंत्रण देने के लिए पुतिन का आभार जताया। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नेता कॉस्मोड्रोम का निरीक्षण करने के बाद बातचीत शुरू करने वाले है। बैठक से कुछ देर पहले उत्तर कोरिया ने समुद्र में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। रिपोर्ट के मुताबिक पुतिन-किम की जोड़ी व्लादिवोस्तोक से करीब 1,000 किलोमीटर (620 मील) दूर एक रूसी अंतरिक्ष बंदरगाह वोस्तोचन कोस्मोड्रोम में मुलाकात करेगी। पुतिन ने कहा कि इस स्थान को इसलिए चुना गया क्योंकि मॉस्को उत्तर कोरिया को उसके उपग्रह कार्यक्रमों में मदद करने की योजना बना रहा है। पुतिन ने कहा कि डीपीआरके के नेता रॉकेट प्रौद्योगिकी में बहुत रुचि दिखाते हैं, और वे अंतरिक्ष में अपनी उपस्थिति दर्शाने की कोशिश कर रहे हैं। पत्रकारों द्वारा पूछने पर कि क्या सैन्य सहयोग एजेंडे में होगा, उन्होंने कहा कि हम बिना किसी जल्दबाजी के सभी मुद्दों पर बात करने वाले हैं, अभी समय है।

# विनाशकारी बाढ़ ने लीबिया में मचाई तबाही, अब तक 3 हजार लोगों की मौत

काहिरा (एजेंसी)। इस समय लीबिया में बाढ़ ने तबाही मचा रखी है। यहां आई विनाशकारी बाढ़ में हालात बेहद खतरनाक हो गए हैं। बताया जा रहा है कि यहां पर बाढ़ में 3 हजार से भी अधिक लोगों के मरने की आशंका है जबकि 10 हजार लोग अभी भी लापता हैं। जानकारी के अनुसार यहां अब तक 700 शव दफनाए गए हैं और 10 हजार लोग अभी लापता है। पूर्वी लीबिया सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि डर्ना शहर में विनाशकारी बाढ़ में मारे गये 700 लोगों को अब तक दफन किया जा चुका है और मृतकों की संख्या काफी बढ़ सकती है। डर्ना में घटनास्थल पर पहुंचे उस्मान अब्दुल जलील ने स्थानीय टीवी स्टेशन को फोन पर दिए साक्षात्कार में कहा कि शहर के विभिन्न अस्पताल शवों से अटे पड़े हैं। भूमध्यसागर से उठे तूफान 'डेनियल' ने रविवार रात पूर्वी लीबिया के कई शहरों में तबाही मचाई, लेकिन सबसे ज्यादा तबाही डर्ना में हुई, जहां भारी बारिश और बाढ़ के चलते बांध टूट गए और तेज धारा लोगों को बहाकर ले गयी।







लीबिया में बाढ़ के चलते तबाह हुए तटीय शहर में बचाव टीम मलबे से शवों को निकालने में संघर्ष कर रही है। मानवाधिकार एजेंसी ने अनुमान जताया है कि अकेले डर्ना शहर में 2,000 लोगों की मौत होने की आशंका है। अधिकारियों ने कहा कि भूमध्यसागर से उठे तूफान 'डेनियल' ने पूर्वी लीबिया के कई शहरों में तबाही मचाई और अचानक बाढ़ आ गई, लेकिन सबसे ज्यादा तबाही डर्ना में हुई, जहां भारी बारिश और बाढ़ के चलते बांध टूट गए और उनका पानी चारों तरफ फैल गया। 'इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस' और 'रेड क्रिसेंट सोसाइटीज' में लीबिया के दूत तामीर रमदान ने कहा कि अभूतपूर्व बाढ़ के बाद 10,000 लोग लापता हैं।

ट्यूनीशिया से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र ब्रीफिंग में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि मरने वालों की संख्या 'बहुत ज्यादा' है और आने वाले दिनों में इसके हजारों तक पहुंचने की आशंका है। 'लीबियन रेड क्रिसेंट' ने मंगलवार तड़के कहा कि उसके दलों ने डर्ना में 300 से अधिक लोगों के शव निकाले हैं। अधिकारियों ने डर्ना को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है।

## इमरान ने लगाई अटक जेल अधीक्षक के खिलाफ अवमानना याचिका

### -फोन पर उनके बेटों से बात करने की इजाजत नहीं देने का लगाया आरोप

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक विशेष अदालत में अवमानना याचिका दायर की है। उन्होंने अटक जेल के अधीक्षक के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही करने का आग्रह किया। मीडिया में आई एक खबर के अनुसार इमरान ने अटक जेल के अधीक्षक पर उन्हें फोन पर उनके बेटों से बात करने की इजाजत नहीं देने का आरोप लगाया है। गौरतलब है ?कि इमरान खान (70) सरकारी राज़ का खुलासा करने के आरोप में 13 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में हैं। पिछले महीने एक निचली अदालत ने उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी ठहराया था, जिसके बाद पांच अगस्त से वह अटक जेल में बंद हैं। शासकीय गोपनीयता कानून के तहत दर्ज मामले पर सुनवाई करने के लिए गठित विशेष अदालत ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख को पिछले महीने उनके बेटों कासिम और सुलेमान से बात करने की इजाज़त दी थी। खान ने अदालत के आदेश का उल्लंघन करने के लिए अटक जेल के अधीक्षक के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू करने की गुज़ारिश की है। अपनी याचिका में खान ने दावा किया है कि जेल अधिकारियों ने उन्हें उनके बेटों से फोन पर बात करने की अनुमति नहीं दी और इसका कारण बताया कि वह शासकीय गोपनीयता कानून के तहत जेल में बंद हैं।

न्यायाधीश अबु अल हसनत जुल्करनैन ने अटक जेल के अधीक्षक आरिफ शहज़ाद को नोटिस जारी किया और अदालत का आदेश लागू करने पर 15 सितंबर को रिपोर्ट तलब की है। कथित कूट संदेश (गुप्त राजनयिक केबल) में अमेरिकी विदेश विभाग के अधिकारियों और पाकिस्तानी राजदूत असद मजीद खान के बीच पिछले साल हुई मुलाकात की जानकारी थी। एक अमेरिकी मीडिया ने कथित गुप्त संदेश की प्रति प्रकाशित की थी, जिसके बाद शहबाज़ शरीफ के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के मंत्रियों ने इस संदेश को लीक करने का इमरान खान पर आरोप लगाया था।


## रूसी सीमा पर 41 हजार सैनिकों के साथ नाटो देश करेंगे सबसे बड़ा युद्धाभ्यास

वॉर्सा (एजेंसी)। एक ओर जहां रूस-यूक्रेन युद्ध चल रहा है, वहीं नाटो देश रूसी सीमा पर 41 हजार सैनिकों को लेकर युद्धाभ्यास करने की तैयारी में है। मिली जानकारी के अनुसार नाटो देश शीत युद्ध के बाद सबसे बड़ा अभ्यास करने जा रहे हैं। इस दौरान रूसी सीमा पर करीब 41 हजार सैनिक जमा करेंगे और भविष्य में किसी नाटो देश पर होने वाले रूसी हमले को फेल करने का अभ्यास करेंगे। बताया जा रहा है कि यह अभ्यास साल 2024 की शुरुआत में होगा। इस दौरान नाटो देश अपनी तैयारी का आकलन करेंगे। इस अभ्यास को स्टीडफास्ट डिफेंडर नाम दिया गया है। दरअसल, यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद नाटो के कई छोटे देश सहमे हुए हैं जिनमें से कुछ तो पूर्व सोवियत संघ का हिस्सा रह चुके हैं। उन्हें पुतिन के हमले का डर सता रहा है। नाटो की कोशिश है कि खुद को एक युद्धक गठजोड़ के रूप में तैयार करे। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस अभ्यास के दौरान 500 से 700 हवाई युद्धक मिशन आयोजित किए जाएंगे। इसमें 50 से ज्यादा युद्धपोत और 41 हजार सैनिक हिस्सा लेंगे।

नाटो अधिकारियों ने बताया कि इस अभ्यास को रूसी गठबंधन के हमले का जवाब देने के लिए डिजाइन किया गया है। इस अभ्यास के दौरान दुनिया का रियल भौगोलिक डेटा इस्तेमाल किया जाएगा ताकि सैनिकों के लिए ज्यादा वास्तविक माहौल बनाया जा सके। अभ्यास में स्वीडन भी हिस्सा लेगा जिसे तुर्की और हंगरी के विरोध के कारण अब तक नाटो में शामिल नहीं किया जा सका है। इसके साथ ही अभ्यास में भाग लेने वाले कुल सैनिकों की संख्या 32 हजार तक पहुंच जाएगी। यह युद्धाभ्यास जर्मनी, पोलैंड और बाल्टिक सागर में फरवरी से मार्च के बीच आयोजित किया जाएगा। नाटो ने नई ट्रेनिंग रणनीति बनाई है और अब हर साल दो बड़े युद्धाभ्यास किए जाएंगे। नाटो अब आतंकवाद विरोधी खतरे से निपटने की भी ट्रेनिंग देगा।

## जो बाइडन पर महाभियोग, अमेरिकी संसद ने दिए जांच के निर्देश

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन पर महाभियोग की जांच के निर्देश अमेरिकी संसद ने दिए हैं। बता दें कि प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने कहा कि वह सदन की एक समिति को राष्ट्रपति जो बाइडन के परिवार के व्यापारिक सौदों को लेकर उनके खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने का निर्देश दे रहे हैं। वर्ष 2024 के राष्ट्रपति चुनाव से पहले इस ऐतिहासिक कार्यवाही को काफी अहम माना जा रहा है।



मैक्कार्थी ने दावा किया कि हाउस ओवरसाइट कमेटी की अब तक की जांच में बाइडन परिवार के आसपास भ्रष्टाचार की संस्कृति पाई गई है। यह मामला राष्ट्रपति के बेटे हंटर बाइडन के कारोबारी सौदों से संबंधित है। मैक्कार्थी ने स्पीकर कार्यालय के बाहर कहा कि ये सत्ता के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोप हैं, जिसे लेकर प्रतिनिधि सभा द्वारा आगे की जांच किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसलिए आज मैं हमारे सदन की समिति को राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ औपचारिक महाभियोग जांच शुरू करने का निर्देश दे रहा हूं।

अमेरिकी संविधान संसद को राष्ट्रपति सहित संघीय अधिकारियों पर देशद्रोह, रिश्वतखोरी और अन्य उच्च अपराधों और दुष्कर्मों के लिए महाभियोग चलाने का अधिकार देता है। एक राष्ट्रपति को पद से हटाया जा सकता है अगर सदन साधारण बहुमत से महाभियोग के लेखों को मंजूरी दे देता है।

ट्रम्प एकमात्र अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जिन पर दो बार महाभियोग चलाया गया है। सीनेट में मुकदमे के बाद उन्हें दोनों बार उनके साथी रिपब्लिकन के वोटों की बदौलत बरी कर दिया गया। पहले महाभियोग 2019 में चलाया गया। इसमें ट्रम्प पर सत्ता के दुरुपयोग और कांग्रेस में बाधा डालने का आरोप लगाया गया। 2021 में उनपर दूसरा महाभियोग चलाया गया।

## पुतिन ने गिनाए मेक इन इंडिया के फायदे, पीएम मोदी की हुई जमकर तारीफ

मास्को (एजेंसी)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मेक इन इंडिया के फायदे गिनाते हुए पीएम मोदी की जमकर तारीफ की है। रूस में आयोजित 8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) के दौरान पुतिन ने अपने ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़े बिजनेसमैन से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें पीएम मोदी के मेक इन इंडिया प्रोग्राम से सीखना चाहिए। वो इसे प्रमोट कर अपने देश के लिए सही कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कि भारत पहले ही पीएम मोदी के नेतृत्व में अपनी नीतियों के माध्यम से उदाहरण स्थापित कर चुका है। युक्रेन के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद रूस पर पश्चिमी देशों ने ढेरों प्रतिबंध लगाए हुए हैं। यही वजह है कि रूस की अर्थव्यवस्था इस वक्त चरमराई हुई है। ऐसे में व्लादिमीर पुतिन उद्योग जगत को पीएम मोदी की तर्ज पर देश को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रहे हैं। व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि आप जानते हैं, तब हमारे पास घरेलू स्तर पर निर्मित कारें नहीं थीं, लेकिन अब हमारे पास हैं। यह सच है कि वे मर्सिडीज या ऑडी कारों की तुलना में अधिक मामूली दिखती हैं, जिन्हें हमने 1990 के दशक में बड़ी मात्रा में खरीदा था, लेकिन यह कोई मुद्दा नहीं है। पुतिन ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें अपने कई साझेदारों को फॉलो करना चाहिए, उदाहरण के लिए, भारत। वे भारतीय निर्मित वाहनों के निर्माण और उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी मेक इन इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा देने में सही काम कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कि रूस में निर्मित ऑटोमोबाइल का उपयोग करना बिल्कुल ठीक है। रूस राष्ट्रपति के कार्यालय द्वारा कहा गया कि हमारे पास रूस में निर्मित ऑटोमोबाइल हैं और हमें उनका उपयोग करना चाहिए।

# स्पेसएक्स और नासा को लेकर अमेरिकी सरकारी एजेंसियों ने उठाए सवाल

वाशिंगटन (एजेंसी)। पिछले कुछ सालों से अंतरिक्ष उद्योग अपनी गति से आगे बढ़ रहा था। स्पेसएक्स और नासा की जुगलबंदी ने कुछ नई उम्मीदें जगाई थीं। इसमें स्पेस एक्स के द्वारा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में अंतरिक्ष यात्रियों को पहुंचाना, और नासा के आर्टिमिस अभियान के पहले चरण में सफलता के बाद हाल में भारत के चंद्रयान-3 की अभूतपूर्व सफलता के साथ आदित्य एल1 की सफल लांचिंग ने दुनिया की उम्मीदें बढ़ा दी थीं। लेकिन हाल में अमेरिकी सरकारी एजेंसियों ने नासा के स्पेस लांच सिस्टम और स्पेसएक्स के स्टारशिप पर कुछ सवाल उठाए हैं, जिससे अंतरिक्ष में सुगम यात्रा के सपने को एक झटका लगा है।

रिपोर्ट ने नासा के स्पेस लांच सिस्टम कार्यक्रम को बहुत महंगा बता दिया है। वहीं अमेरिका की एक और सरकारी एजेंसी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने स्पेसएक्स की स्टारशिप पर पर्याप्त सुधार करने पर रोक लगा दी है। इससे तेजी से बढ़ रहे अंतरिक्ष क्षेत्र को एक बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है।

स्पेस लांच सिस्टम और स्टारशिप दोनों ही नासा के आर्टिमिस कार्यक्रम का अहम हिस्सा हैं। अभियान के जरिए इंसानों को चंद्रमा पर ले जाने और वहां से सुरक्षित वापस पृथ्वी पर लौटा लाने की योजना है। आर्टिमिस-3 अभियान में चार अंतरिक्ष यात्री फ्लोरीडा के केनेडी स्पेस सेंटर के 39बी लांच पैड से एसएलएस रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित होगा। इसके अलावा नासा ने स्पेसएक्स को चंद्रमा पर ह्यूमन लैंडिंग सिस्टम तैयार करने का जिम्मा सौंपा है, जिसमें चंद्रयात्रियों को वापस लाना शामिल होगा। वहीं स्पेसएक्स को इसी सिस्टम को लांच करने के लिए स्टारशिप विकसित करने का काम भी दिया गया है। लेकिन अब एसएलएस और स्टारशिप दोनों पर अलग-अलग वजह से सवाल उठने अभियान से पर असर हो सकता है।

जीएओ और स्पेस एजेंसी के इंस्पेक्टर जर्नल दोनों ने ही एसएलएस के बजट के मुद्दे को साल 2014 में उठाया था। अब चूंकि बाजार में और भी ज्यादा निजी कंपनियां बेहतर और कारगर लांच व्हीकल के साथ मैदान में उतर रही हैं, तब इसके बाद में नासा के एसएलएस की लागत के औचित्य पर सवाल उठना स्वाभाविक और लाजमी है। लेकिन ऐसा लगता है कि अभी कुछ समय के लिए नासा अपने आर्टिमिस अभियान पर काम जारी ही रखेगा। लेकिन वहीं स्पेस एक्स के साथ कुछ और ही समस्या है। स्टारशिप अभी तक ना केवल एक सफल अभियान तक नहीं दे सका है, बल्कि अप्रैल में हुए उसके पहले प्रक्षेपण के कुछ क्षणों के बाद ही उसमें विस्फोट हो गया था। एलन मस्क ने उस समय कहा था कि प्रयोग सफल रहा क्योंकि उससे काफी सबक लिए गए थे। तब मस्क ने कहा था कि स्टारशिप अगले प्रक्षेपण के लिए तैयार है लेकिन एफएए की अनुमति का इंतजार है।



Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## दिल्ली की सुरक्षा में दिन-रात जुटे पुलिसकर्मियों के साथ मोदी करेंगे डिनर

नई दिल्ली। दिल्ली में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जी20 शिखर सम्मेलन का समापन हो गया। इसी खुशी में पीएम नरेन्द्र मोदी साढ़े चार सौ पुलिस के जवानों, अधिकारियों के साथ डिनर करने वाले हैं। बता दें कि सम्मेलन के दौरान जरा भी कुछ गड़बड़ नहीं हुआ और सबकुछ बहुत अच्छे से हुआ। दुनियाभर ने भारत में हुए जी20 समिट की तारीफ की और इसे सफल बताया। दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस के कर्मियों ने भी रात-दिन एक कर दिया था। दिल्ली पुलिस आयुक्त ने भी राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को अच्छे से कायम रखने के लिए कर्मचारियों की तारीफ की थी। इसीलिए प्रधानमंत्री उन पुलिस कर्मचारियों के साथ डिनर करेंगे जिनकी ड्यूटी जी20 समिट में लगी थी। तकरीबन 450 दिल्ली पुलिस के स्टाफ के साथ इस हफ्ते पीएम मोदी डिनर कर सकते हैं। इसके लिए कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टरों तक के नाम मांगे गए हैं, जो इस डिनर में शामिल होंगे। दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने हर जिले से उन पुलिसकर्मियों के नाम मांगे हैं, जिन्होंने जी20 समिट के दौरान बेहतरीन ड्यूटी दी। अभी तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन इसी हफ्ते दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पीएम मोदी के साथ डिनर करके उन्हें बेहतरीन ड्यूटी करने के लिए बधाई दे सकते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जी20 शिखर सम्मेलन के अनुभवों के बारे में अपने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों से मुलाकात की थी। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद वह विदेश मंत्रालय के अधिकारियों सहित सभी स्तर के कर्मचारियों से मिलने और बातचीत करने के लिए अचानक सुषमा स्वराज भवन पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने उनसे उनके जी20 अनुभव पर बात की।

## युवक ने सपा सांसद डिंपल यादव पर की अनुचित टिप्पणी, मामला दर्ज

बलिया। समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव के खिलाफ अनुचित टिप्पणी करने वाले युवक पर मामला दर्ज ?किया गया है। ?मिली जानकारी के मुता?बिक आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। गौरतलब है कि डिंपल यादव मैनपुरी से सांसद हैं, वह अखिलेश यादव की पत्नी हैं। पुलिस ने बताया कि सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' और 'फेसबुक' पर सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ अनुचित टिप्पणी करने पर मनियर थाना क्षेत्र के दक्षिण पटखौली गांव निवासी रामधनी राजभर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीएसपी शिव नारायण वैस ने बताया कि 3 और 7 सितंबर के बीच सोशल नेटवर्किंग साइट पर सपा सांसद डिंपल यादव व यादव जाति को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट किए गए थे। इस पोस्ट को लेकर सपा समर्थकों ने राजभर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में मनियार के थाना प्रभारी मंतोश सिंह की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

## विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराने की तैयारी

नई दिल्ली। अमृत काल में मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का विशेष सत्र बुलाया है। इससे पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का दिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है। 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। अमृत काल में मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में ही शुरू होगी जैसे कि पहले होती थी और विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है।

## सूरत के राजेश पांडव के पास है 500 करोड़ की गणपति बप्पा की मूर्ति

सूरत। देश में एक ऐसी गणेश जी की मूर्ति भी है जो शुद्ध हीरे से बनी हुई है, जिसकी कीमत 500 करोड़ है। इसे दुनिया की सबसे महंगी मूर्ति बताया जा रहा है। यह भगवान गणेश की मूर्ति गुजरात के सूरत के एक व्यापारी राजेश भाई पांडव के पास है। जानकारी के अनुसार राजेश भाई पांडव सूरत के कातरगाम में रहते हैं और उनकी एक पॉलिशिंग यूनिट है। इसके साथ ही राजेश भाई पांडव और भी कई तरह के व्यापार करते हैं। राजेश भाई और उनके परिवार वाले मानते हैं कि जब से भगवान गणेश की यह मूर्ति उनके घर में स्थापित हुई है, तब से वह दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं। सूरत के पांडव परिवार के घर में विराजमान डायमंड के गणेश की कीमत करोड़ों में है। इसकी ऊंचाई महज 2.44 सेंटीमीटर ही है। इसे एक अनकट हीरे से बनाया गया है। इसी वजह से इस मूर्ति की कीमत लगभग 500 करोड़ रुपये आंकी गई है। जो देश के सबसे महंगे गणेश हैं मगर राजेश भाई के लिए यह डायमंड गणेश बेहद अनमोल हैं। हालांकि देखने में यह मूर्ति एक आम सफेद क्रिस्टल की मूर्ति जैसी लगेगी, लेकिन असलियत में यह एक हीरा है जो भगवान गणेश की मूर्ति की तरह दिखाई देता है। साल 2005 में राजेश पांडव को ये मूर्ति साउथ अफ्रीका में एक नीलामी के दौरान मिली थी, हालांकि वहां पर इसकी नीलामी एक अनकट डायमंड के रूप में हो रही थी। लेकिन जब राजेश पांडव को ये मू?र्ति दिखी तो उन्हें इनमें बप्पा की छवि दिखाई दी और इसलिए इन्होंने इसे नीलामी में खरीद लिया। साल 2016 में इस मूर्ति को सूरत के वार्षिक हीरा प्रदर्शनी में भी लगाया गया था।

## दो की मौत के बाद निपाह से निपटने बनाया कंट्रोल रूम, केरल सरकार हुई गंभीर

तिरुवनंतपुरम। केरल सरकार निपाह को लेकर बेहद गंभीर हो गई है। बता दें कि केरल के कोझिकोड जिले में निपाह वायरस के संक्रमण से दो लोगों की मौत के बाद अब नौ साल के एक बच्चे सहित दो और लोग वायरस से संक्रमित हो गए हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने यह जानकारी दी। केरल सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कोझिकोड में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया और लोगों को एहतियात के तौर पर मास्क का उपयोग करने की सलाह दी। केरल के सीएम पिनराई विजयन ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि सरकार दो लोगों की मौत को गंभीरता से ले रही है और स्वास्थ्य विभाग ने कोझिकोड में अलर्ट जारी किया है। सीएम ने लोगों से स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के निर्देशों का सख्ती से पालन करने और प्रतिबंधों में पूरा सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कोझिकोड जिले में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। संक्रमण से दो लोगों की मौत हो गई। जिन 4 लोगों के नमूने परीक्षण के लिए पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान भेजे गए थे, उनमें से 2 निपाह पॉजिटिव हैं और 2 निपाह नेगेटिव हैं। इधर राज्य विधानसभा का सत्र चलने के बावजूद कोझिकोड पहुंचीं वीणा जॉर्ज ने कहा कि कोझिकोड वायरस के लिए अलर्ट पर है और सभी प्रोटोकॉल लागू हैं। आवश्यकता पड़ने पर और भी सख्त कदम उठाए जा सकते हैं। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि केरल के कोझिकोड जिले में दो लोगों की मौत निपाह वायरस के कारण हुई। मांडविया ने कहा कि स्थिति का जायजा लेने और निपाह वायरस संक्रमण से निपटने में राज्य सरकार की सहायता के लिए विशेषज्ञों की एक केंद्रीय टीम केरल भेजी गई है। वर्तमान संदिग्ध मामला उस स्थान से लगभग 15 किमी दूर दर्ज किया गया था, जहां दक्षिणी भारत में निपाह वायरस का प्रारंभिक प्रकोप पहली बार मई 2018 में कोझिकोड में और फिर 2021 में पहचाना गया था।

## आजम खान के खिलाफ कर चोरी मामले में आयकर ने मारे छापे

लखनऊ। आयकर विभाग ने समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान के खिलाफ कर चोरी के आरोपों की जांच के सिलसिले में बुधवार सुबह उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 30 से अधिक परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आयकर विभाग की टीम उत्तर प्रदेश के रामपुर, सहारनपुर, लखनऊ, गाजियाबाद और मेरठ के अलावा पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश में कुछ परिसरों की तलाशी ले रही है। सूत्रों के मुताबिक, आयकर विभाग की जांच आजम खान और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा संचालित कुछ न्यासों से संबंधित है।

# कावेरी जल विवाद-कर्नाटक के मुख्यमंत्री की आपात बैठक, भाजपा और कुमारस्वामी की दूरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री और सिंचाई मंत्री डीके शिवकुमार, अन्य मंत्री और नेता कावेरी जल मुद्दे पर अगली कार्रवाई तय करने के लिए आज बैठक की। यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) ने अगले 15 दिनों के लिए 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने का आदेश दिया है। इस बीच उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार इस मामले को लेकर जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भी मुलाकात करेंगे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जेडी-एस नेता एचडी कुमारस्वामी, जिन्हें सीएम सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली बैठक में भी आमंत्रित किया गया था, सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए।

दूसरी ओर भाजपा ने भी इस बौठक से दूरी बनाई है। पूर्व कर्नाटक सीएम बसवराज बोम्मई ने किया ट्वीट कर कहा कि राज्य सरकार ने कावेरी विवाद पर चर्चा के लिए कल बैठक बुलाई है। हालांकि, मैं सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हो पाऊंगा क्योंकि मैंने अपने निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व-निर्धारित कार्यक्रम में भाग लिया है। डीके शिवकुमार ने कहा, 'लगभग 98 टीएमसी (हजार मिलियन क्यूबिक फीट) पानी छोड़ा जाना चाहिए था लेकिन हमारे पास केवल 37 टीएमसी पानी है क्योंकि पानी ही नहीं है। ऐसी स्थिति 130 वर्षों से अधिक समय से उत्पन्न नहीं हुई थी। यह एक बहुत ही गंभीर सूखा है जिसका हम पिछले 2 महीनों में सामना कर रहे हैं... पिछली बार हमारे पास जो था इससे चार गुना अधिक था... हम बैठक में हर चीज पर चर्चा करेंगे।'

पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा, ÷केन्द्रीय जल प्रबंधन बोर्ड (सीडब्ल्यूएमबी) द्वारा अन्यायपूर्ण फैसला दिया गया है। हम पानी की कमी झेल रहे हैं। हमारी सरकार ने किसान समुदाय से इस साल फसल ना उगाने का अनुरोध किया है। आने वाले दिनों में बेंगलुरू में पीने के पानी की समस्या हो जाएगी। जब भी जल प्रबंधन बोर्ड मिलता है तो वे कर्नाटक पर पानी छोड़ने का दबाव बनाता है। मैं इस सरकार से मांग करता हूं कि वे सीडब्ल्यूएमबी के फैसला को ना मानें।' मंगलवार को सिद्धरमैया ने सीडब्ल्यूआरसी की सिफारिश के मद्देनजर उठाए जाने वाले अगले कदम को लेकर एक आपात बैठक की थी।

## नायडू की याचिका पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित

अमरावती (ईएमएस)। आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। अदालत ने विजयवाड़ा एसीबी अदालत में नायडू की हिरासत की मांग करने वाली अपराध जांच विभाग (सीआईडी) की याचिका की सुनवाई पर भी रोक लगा दी। वर्तमान में नायडू राजमुंदरी सेंट्रल जेल में बंद हैं। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के तहत निशाना बनाने का आरोप लगाकर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) सुप्रीमो ने उनकी न्यायिक हिरासत और सीआईडी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्द करने का आग्रह किया है। सीआईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। हाई कोर्ट ने सीआईडी को समय देकर सुनवाई 19 सितंबर तक के लिए स्थगित की। नायडू को मामले में सीआईडी ने 9 सितंबर को नंद्याल में गिरफ्तार किया था। अगले दिन, विजयवाड़ा में एसीबी कोर्ट ने उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पूर्व मुख्यमंत्री को बाद में राजमुंदरी सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया। यह मामला नायडू के मुख?यमंत्रीत?व काल में आंध्र प्रदेश में उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) की स्थापना से संबंधित है, जिसकी कुल अनुमानित परियोजना लागत 3,300 करोड़ रुपये थी। सीआईडी ने दावा किया कि कथित धोखाधड़ी से राज्य सरकार को 371 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ ह। एजेंसी ने दावा किया कि 371 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि, जो परियोजना के लिए सरकार की पूरी 10 प्रतिशत प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करती है, निजी तौर पर किसी भी खर्च से पहले जारी की गई थी।

# इंडिया ने चुनावी रणनीति पर चर्चा की, बीजेपी ने किया कटाक्ष- हिंदू धर्म को खत्म करने की प्लानिंग की होगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विपक्षी गठबंधन इंडिया की समन्वय समिति की आज पहली बैठक हुई जिसमें आगे की रणनीति, सीटों के तालमेल, चुनाव अभियान कार्यक्रम और जनसभाओं समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गयी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार के नई दिल्ली स्थित आवास पर हुई इस बैठक में शरद पवार के अलावा, कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, द्रमुक के टीआर बालू, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव, जनता दल (यूनाइटेड) के संजय झा, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की महबूबा मुफ्ती और कुछ अन्य नेता शामिल हुए। बताया जा रहा है कि बैठक में आगे की रणनीति और चुनाव अभियान कार्यक्रमों के अलावा सीटों के तालमेल पर भी चर्चा की गयी।

हम आपको याद दिला दें कि 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं की पिछले दिनों मुंबई में हुई बैठक में गठबंधन के भविष्य के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के लिए 14-सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया गया था। समन्वय समिति विपक्षी गठबंधन की शीर्ष निर्णय लेने वाली संस्था के रूप में कार्य करेगी। इस समिति के एक और सदस्य तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के महासचिव अभिषेक बनर्जी इस बैठक में शामिल नहीं हुए क्योंकि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें समन जारी कर आज ही कोलकाता में ईडी के कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया था।

### भाजपा का हमला

दूसरी ओर, द्रमुक के नेताओं की ओर से की जा रही सनातन धर्म विरोधी टिप्पणियों के मद्देनजर विपक्ष पर हमला जारी रखते हुए भाजपा ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' यानी 'इंडिया' की समन्वय समिति को 'हिंदू विरोधी समन्वय समिति' करार दिया। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर भी तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि उन्होंने मशहूर रहस्यमयी किताब 'मर्डर, शी रोट' की तर्ज पर एक किताब- 'मर्डर ऑफ हिंदुइज्म, शी रोट' लिखी है। उन्होंने विपक्षी गठबंधन की आज होने वाली बैठक को लेकर चुटकी लेते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 'इंडिया' समूह के सदस्यों के बीच असहयोग दिखाई दे रहा है। पात्रा ने बैठक से पहले आरोप लगाया, ''वे (विपक्षी दल) चर्चा करेंगे कि हिंदू धर्म को कैसे खत्म किया जाए।''

उन्होंने कहा कि इसलिए शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने दावा किया कि गोधरा जैसी घटना फिर से हो सकती है जबकि राहुल गांधी ने पूर्व में हिंदुत्व पर हमला करने के लिए इस्लामिक आतंकवादी समूह 'मुस्लिम ब्रदरहुड' का हवाला दिया था। सोनिया गांधी के ईसाई नाम का हवाला देते हुए पात्रा ने आरोप लगाया कि हिंदू धर्म को निशाना बनाने की साजिश के पीछे उनका हाथ है। द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन ने हाल ही में दावा किया था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे खत्म किया जाना चाहिए। सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू वायरस तथा मच्छरों से होने वाले बुखार से करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि ऐसी चीजों का विरोध ही नहीं किया जाना चाहिए बल्कि उन्हें नष्ट किया जाना चाहिए। द्रमुक के एक अन्य नेता ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ रोग जैसी बीमारियों से की।

## अब विदेशों से पैसा भेजना होगा आसान, जीपीएफआई पर बनी सहमति

### -जी-20 से जुड़े देशों में रेमिटेंस लागत को कम करने की तैयारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। जीपीएफआई पर सहम?ति बनने के बाद अब ?विदेशों से पैसा भेजना और आसान होगा। बता दें ?कि जी-20 समूह के शिखर सम्मेलन में लिए गए फैसले में एक यह भी प्रमुख है। इससे विदेश में काम करने वाले कामगार अपने घरों पर पहले की तुलना में अधिक पैसे भेज सकेंगे। शिखर सम्मेलन में गरीब व विकासशील देशों के वित्तीय समावेश के लिए ग्लोबल पार्टनरशिप फॉर फाइनेंशियल इंक्लूजन (जीपीएफआई) पर सहमति बनी है। इनमें एक देश से दूसरे देश में पैसे भेजने की लागत को कम करने का प्रस्ताव शामिल है। जी 20 देशों ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने का फैसला किया। गौरतलब है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से वित्तीय समावेशन बेहतर करने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए जी20 की नीतिगत सिफारिशों पर तैयार की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर बेहतरीन तरीके से डीपीआई को प्रबंधित किया जाए तो इससे लेन देन की लागत कम करने, नवोन्मेष को बढ़ावा देने, प्रतिस्पर्धा तेज करने और इंटरऑपरेटिबिलिटी व ग्राहकों का अनुभव व विकल्प बेहतर करने में मदद मिल सकती है।

जीपीएफआई के मसौदे के मुताबिक वर्ष 2021 में एक देश से दूसरे देश में विदेशी मुद्रा भेजने में वैश्विक रूप से औसत लागत 6.21 प्रतिशत की थी जिसे कम करके पांच प्रतिशत तक और वर्ष 2030 तक इसे तीन प्रतिशत तक लाना है। जी 20 फैसले के मुताबिक विदेशी मुद्रा के रेमिटेंस या प्रेषण की लागत कम करने के लिए कम आय वाले देशों में रेमिटेंस की सुविधा का विस्तार किया जाएगा। विश्व का 50 प्रतिशत रेमिटेंस जी 20 से जुड़े देशों में होता है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, अन्य देशों से भारत को भेजी जाने वाली धनराशि, जिसे रेमिटेंस फ्लो कहा जाता है, 2022 में अन्य देशों से दक्षिण एशिया को भेजे जाने वाले धन में 12 प्र??तिशत से अधिक की वृद्धि हुई थी। यह 176 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। क्योंकि यूरोप और खाड़ी देशों में नौकरी के अच्छे अवसर थे। दक्षिण एशिया के लोग वहां काम करने जाते हैं और पैसे वापस अपने परिवारों को भेजते हैं।

## हाई कोर्ट की नजर में अकेले पोर्न वीडियो देखना अपराध नहीं

### -केरल हाई कोर्ट ने अभिभावकों को दी बच्चों को घर का खाना खिलाने की नसीहत

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** हाई कोर्ट की नजर में अकेले में पोर्न वीडियो देखना कानून की नजर में अपराध नहीं है। केरल उच्च न्यायालय ने पोर्नोग्राफी मामले में कुछ इसी तरह की टिप्पणी की है जो चर्चा में बनी हुई है। कोर्ट का कहना है कि अकेले अश्लील तस्वीरें या वीडियो देखना कानून के तहत अपराध नहीं है क्योंकि यह किसी व्यक्ति की निजी पसंद की बात है। इसके साथ ही कोर्ट ने माता-पिता को यह भी सलाह दी है कि वह स्वीजी, झमेटो की बजाय बच्चों को घर का खाना खिलाएं। न्यायमूर्ति पी.वी. कुन्हिकृष्णन ने भारतीय दंड संहिता की धारा 292 के तहत 33 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ दर्ज अश्लीलता के मामले को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। जानकारी के अनुसार पुलिस ने 2016 मेंअलुवा महल में सड़क किनारे अपने मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखते हुए उस व्यक्ति को पकड़ा था। आरोपी व्यक्ति ने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी और उससे संबंधित अदालती कार्यवाही को रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी, जिसपर यह फैसला आया है। अदालत ने कहा कि 'पॉर्नोग्राफी सदियों से प्रचलन में है और नये डिजिटल युग ने इसे बच्चों के लिए भी अधिक सुलभ बना दिया है।

अदालत ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति अपने निजी समय में किसी और को दिखाए बिना अश्लील वीडियो देखता है, तो अदालत यह घोषित नहीं कर सकती कि यह अपराध की श्रेणी में आता है। यह उसकी निजी पसंद है और इसमें हस्तक्षेप करना उसकी निजता में दखल देने के समान है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि बच्चों को स्विगी, जोमैटो से ऑर्डर करने के बजाय मां द्वारा पकाया गया स्वादिष्ट भोजन खाने दें। बच्चों को अपने खाली समय में क्रिकेट या फुटबॉल या अन्य खेल खेलने दें जो उन्हें पसंद हैं, और घर वापस आकर उन्हें स्विगी, जोमैटो से ऑर्डर करने के बजाय मां के भोजन की मंत्रमुग्ध कर देने वाली खुशबू का आनंद लेने दें।

# सर्दियों में प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली सरकार ने शुरू की तैयारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने सर्दियों के दौरान शहर में प्रदूषण से लड़ने की कार्य योजना की तैयारियों के तहत 'पर्यावरण विशेषज्ञ बैठक' का आयोजन किया। दिल्ली सचिवालय में 24 संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय और वैश्विक विशेषज्ञों की बैठक हुई। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि विभिन्न संगठनों के चौबीस पर्यावरण विशेषज्ञों ने प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली में 13 महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट के लिए एक शीतकालीन कार्य योजना का प्रस्ताव दिया है। इसके अतिरिक्त, आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों ने गंभीर दिनों के दौरान कृत्रिम बारिश की एक विधि प्रस्तुत की। हम शीतकालीन कार्य योजना पर चर्चा के लिए 14 सितंबर को एक सर्व-विभागीय बैठक की मेजबानी करेंगे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य विशेषज्ञों द्वारा दिये गये सुझावों से शीतकालीन कार्ययोजना को और अधिक प्रभावी बनाना था। महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट के लिए एक अलग शीतकालीन कार्य योजना प्रदूषण के विभिन्न कारणों से व्यापक रूप से निपटने में मदद करेगी। गोपाल राय ने कहा, यह बहुत संतोषजनक है कि सर्दियों के दौरान गंभीर दिनों की संख्या 33 से घटाकर 6 कर दी गई है, लेकिन इसमें और कमी आनी चाहिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली में कृत्रिम बारिश के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक विस्तृत प्रेजेंटेशन तैयार करने के निर्देश कानपुर आईआईटी को दिए गए हैं, जिसे सीएम अरविंद केजरीवाल के सामने पेश किया जाएगा।

गोपाल राय ने आगे कहा कि 14 सितंबर को सभी 28 विभागों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। शीतकालीन कार्य योजना में उल्लिखित प्रमुख बिंदुओं के आधार पर, बैठक के दौरान विभिन्न विभागों को विशिष्ट जिम्मेदारियां दी जाएंगी। रियल टाइम अपॉर्शनमेंट स्टडीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, बायोमास जलाना दिल्ली में प्रदूषण के प्रमुख कारणों में से एक है। पराली जलाने की घटना 15 दिनों के भीतर होती है और दिल्ली सरकार इस मामले पर पड़ोसी राज्यों के साथ काम कर रही है। गोपाल राय ने पहले दावा किया था कि पिछले नौ वर्षों में दिल्ली में पीएम10 और पीएम2.5 के स्तर में औसतन 45 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# चंद्रयान की सफलता के बाद भारत लांच करेगा समुद्रयान मिशन

### -कोबाल्ट, निकेल, मैंगनीज जैसी मंहगी खनिजों की खोज के लिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जमीन से चांद तक ही नहीं बल्कि चांद से लेकर समुद्र की गहराइयों में भी भारत का नाम होगा। इस सपने को पूरा करने के लिए अब भारतीय वैज्ञानिक अब समुद्रयान परियोजना के लिए तैयार है। समुद्रयान परियोजना के जरिए पानी में 6000 मीटर नीचे जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस परियोजना के तहत कोबाल्ट, निकेल, मैंगनीज जैसी बेहद कीमती धातुओं और खनिजों की तलाश होगी। इसके लिए तीन लोगों को स्वदेश में निर्मित पनडुब्बी में 6000 मीटर की गहराई में भेजा जाएगा। इस पनडुब्बी का नाम मतस्य 6000 है, जिसका निर्माण भारत में बीते दो वर्षों से हो रहा है। वर्ष 2024 की शुरुआत में चेन्नई तट के पास ही बंगाल की खाड़ी में इसका पहला समुद्री परीक्षण होगा।

बता दें कि जून 2023 में उत्तरी अटलांटिक महासागर में पर्यटकों को ले जाने के दौरान टाइटन फट गई थी, जिसके बाद से वैज्ञानिक इस स्वदेश निर्मित पनडुब्बी के डिजाइन व तकनीक पर अधिक फोकस किया जा रहा है। इस मतस्य 6000 का निर्माण चेन्नई स्थित राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एआईओटी) के इंजीनियर, वैज्ञानिकों ने मिलकर किया है। इस संबंध में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव एम रविचंद्रन ने कहा, समुद्रयान मिशन गहरे महासागर मिशन के हिस्से के रूप में चल रहा है। हम 2024 की पहली तिमाही में 500 मीटर की गहराई पर समुद्री परीक्षण करने वाले हैं। मतस्य 6000 के जरिए निकेल, कोबाल्ट, मैंगनीज, हाइड्रोथर्मल सल्फाइड और गैस हाइड्रेट्स की तलाश की जाएगी। इसके साथ ही हाइड्रोथर्मल वेंट और समुद्र में कम तापमान वाले मीथेन रिसने में केमोसिंथेटिक जैव विविधता की जांच करने की जिम्मेदारी भी इसे सौंपी गई है।

ये पनडुब्बी तीन लोगों को ले जाने के लिए तैयार है। एनआईओटी द्वारा निर्मित पनडुब्बी का 2.1 मीटर का व्यास है जो गोला डिजाइन में विकसित किया गया है। ये गोला 6000 मीटर की गहराई पर 600 बार दवाब का सामना करने के लिए 80 मिमी मोटी टाइटेनियम की मिश्रित धातु से बना हुआ है। बता दें कि वैज्ञानिकों ने समुद्रयान 6000 को इस तरह डिजाइन किया है कि ये लगातार 12 से 16 घंटे तक काम कर सकता है। वहीं इस समुद्रयान में ऑक्सीजन की आपूर्ति 96 घंटे तक ही उपलब्ध रहेगी।

स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# Surat SMC नगर विकास विभाग के एक जूनियर इंजीनियर और एक चपरासी को 35 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा गया

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

**दूसरी और तीसरी मंजिल पर बने दो कमरों का निर्माण न तोड़ने के लिए भवन मालिक से 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी गई थी।**

**अंत में 35 हजार रुपये लेने को तैयार हो गये.**

सूरत के पूना इलाके में एक मकान की दूसरी और तीसरी मंजिल पर बने दो कमरों के अवैध निर्माण को नहीं तोड़ने के लिए 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए.

सूरत एसीबी ने सूरत नगर निगम के वराछा जोन के शहर विकास विभाग के कनिष्ठ अभियंता को पुना वार्ड कार्यालय से रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जबकि रिश्वत मांगने में शामिल चपरासी को एसीबी कार्यालय से उठा ले गई। ऐसे में सूरत महानगर पालिका के अधिकारियों और नगर सेवकों के बीच चर्चा का दौर जारी है.





एसीबी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, सूरत के पुना इलाके में एक व्यक्ति ने अपने घर की दूसरी और तीसरी मंजिल पर दो कमरों का निर्माण किया था। यह अवैध है और इसे ध्वस्त करना होगा, जूनियर इंजीनियर केयूरभाई राजेशभाई पटेल ने कहा सूरत नगर निगम के वराछा जोन के शहरी विकास विभाग और निमेश कुमार रजनीकांत गांधी, अगर वे इसे ध्वस्त नहीं करते, तो उन्होंने 50 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की।

गृहस्वामी के संरक्षण पर दोनों 35 हजार रुपये लेने को तैयार थे. हालांकि, घर के मालिक द्वारा सूरत एसीबी से इसकी शिकायत करने के बाद एसीबी सूरत यूनिट के सहायक निदेशक आरआर चौधरी के मार्गदर्शन में महिला पीआई एके चौहान ने कल शाम पुनागाम पुना वार्ड कार्यालय के सामने जाल बिछाया।

मुताबिक जैसे ही जूनियर इंजीनियर केउरभाई राजेशभाई पटेल ने रिश्वत ली, एसीबी की टीम ने धावा बोलकर उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया.

# एक कंप्यूटर ऑपरेटर व्यावसायिक करों को कम करने के लिए पैसे की मांग करते हुए रिश्वत लेते पकड़ा

## सूडा भवन में डिस्पैचर के रूप में काम करने वाला

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत कॉर्पोरेशन में आज का दिन बेहद बदनामी भरा रहा। एक ही दिन में दो अलग-अलग निगमों के कर्मचारियों को रिश्वत लेते पकड़े जाने की घटना सामने आई है. वराछा में जूनियर इंजीनियर और चपरासी के रिश्वत लेते पकड़े जाने के बाद शाम को सूडा भवन की एक महिला डिस्पैच क्लर्क एसीबी के हाथों रिश्वत लेते पकड़ी गई।



शिकायतकर्ता से 54,000 रुपये का भुगतान करने के लिए संपर्क किया गया था, यह कहते हुए कि उस पर 34000, रुपये का व्यवसाय कर बकाया है। शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को मामले की सूचना दी और अधिकारियों ने आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। अंकित पटेल सेंट्रल जोन में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर के रूप में काम कर रहा था, जहां वह रिश्वत लेने आया था। उन्होंने शिकायतकर्ता से बात की कि 54000 रुपये की जगह रुपये में काम होगा और 34000 बिजनेस टैक्स की 11000 रुपये की रसीद भी दी जाएगी। जब शिकायतकर्ता ने अधिकारी से बात करने के लिए कहा, तो अंकित पटेल ने उसे सूडा भवन में डिस्पैच के रूप में काम करने वाली एक महिला क्लर्क निराली दवे से बात करवाई, और उसने दोनों रिश्वत की एक ही मांग का समर्थन किया। एसीबी ने अंकित पटेल को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया और कॉन्फ्रेंस कॉल पर बात करने वाली सूडा भवन की कर्मचारी निराली दवे के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के । एक ही दिन में दो मामले दर्ज होने से सूरत नगर निगम में खलबली मच गई है। चूड़ा भवन में डिस्पैच कलर का काम करने वाली निराली दवे ने एक कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ मिलकर रिश्वत की मांग की। सभी मामलों के सबूत एंटी करप्शन ब्यूरो के हाथ लग गए हैं। छटकू का इंतजाम करते समय दोनों फंस गए। नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के कारण स्थानीय लोग भी काफी परेशान हैं, लेकिन भ्रष्टाचार की सड़ांध को दूर करना काफी मुश्किल नजर आ रहा है।

# सूरत में इनकमटैक्स का मेगा सर्च ऑपरेशन, हीरा-ज्वैलर्स से जुड़े 3 समूहों के 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी

## हीरे और जौहरी से जुड़े तीन समूहों पर तवाई,ज्वैलर्स कस्बे में सन्नाटा पसरा रहा

क्रांति समय
www.krantisamay.com
www.guj.krantisamay.com
www.epaper.krantisamay.com
www.rti.krantisamay.com

सूरत में आयकर विभाग ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाते हुए तीन ग्रुपों के 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की. हीरे और ज्वैलर्स से जुड़े तीन समूहों पर छापे मारे गए हैं और ज्वैलर्स शहर में हड़कंप मच गया है। पार्थ ग्रुप, अक्षर ग्रुप और कांतिलाल ज्वैलर्स पर इंटेक्स ने छापा मारा है। इस मेगा ऑपरेशन के लिए 100 से ज्यादा अधिकारी शामिल हुए हैं.




**पार्थ, अक्षर ग्रुप और कांतिलाल ज्वैलर्स से बड़े पैमाने पर बेनामी लेनदेन प्राप्त होने की**

इनकम टैक्स को इस सर्च ऑपरेशन में बड़े पैमाने पर बेनामी लेनदेन मिलने की संभावना है.

सूरत में आयकर विभाग ने हीरे और ज्वैलर्स से जुड़े तीन बड़े समूहों को बुलाया है और 100 से अधिक अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सूरत के जाने-माने पार्थ ग्रुप, अक्षर ग्रुप और कांतिलाला ज्वैलर्स ग्रुप पर आयकर विभाग का सर्च ऑपरेशन शुरूहो गया है. इनकमटेक की इस छापेमारी से ज्वैलर्स से जुड़े व्यापारियों में दहशत फैल गई है.

अपने क्षेत्र में समस्याएं हमें लिखे या बताएँ
और समस्याएं का हल संबंधित विभाग से मिलेगा
मोबाईल:-987914180 या फोटा,वीडियो हमें भेजे

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार
संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com

कार्यालय ऑफिस

क्रांति समय दैनिक समाचार
भारत के अन्य राज्यों में जिला ब्यूरों
और अन्य शहर,ग्राम में पत्रकारों
की नियुक्त के लिए आवेदन कर सकते है
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-krantisamay@gmail.com